राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 179, पेज 8, मूल्य 1 रूपये शनिवार, 14 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

ऑटो चालकों ने दिया 89 विधानसभा को पूर्ण समर्थन



Page 5

## जिम सप्लीमेंट्स के छिपे जोखिम के बारे में जागरूक एवं सावधान किया

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद समाज में युवा आबादी द्वारा सप्लीमेंट्स के अनियमित सेवन के कारण होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करता है। फिटनेस चलन के बढ़ने और आकर्षक बॉडी बनाने की इच्छा के चलते, जिम सप्लीमेंट्स फिटनेस प्रेमियों के बीच एक पॉपुलर पसंद बन गए हैं। हालाँकि, हाल के अध्ययनों और विशेषज्ञों की राय ने इन प्रोडक्ट्स से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में गंभीर चिंताएं जताई हैं। डॉ. राजीव सूद, चेयरमैनझ्यूरोलॉजी, रोबोटिक एवं किडनी ट्रांसप्लांट, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद कहते हैं, हलउन अनियमित सप्लीमेंट्स के सेवन से होने वाले जोखिमों को समझना महत्वपूर्ण है, जिन्हें जल्द से जल्द रिजल्ट पाने के लिए उपयोग की सलाह दी जाती है। प्रोटीन पाउडर, प्री-वर्कआउट, फैट बर्नर और मसल एन्हांसर (मांसपेशी बढ़ाने वाले) सहित जिम सप्लीमेंट्स अक्सर जल्द मसल मास बढ़ाने, परफॉर्मेंस (शीघ्रता के साथ ठीक-ठाक काम करने की क्षमता) बेहतर बनाने और तेजी से फैट कम करने जैसे परिणाम देने के वायदे करते हैं। हालांकि ये वादे कई लोगों को आकर्षित करते हैं, लेकिन सच्चाई उससे कहीं अधिक चिंताजनक हो सकती है। आमतौर पर ओवर द काउंटर उपलब्ध होने वाली इन सप्लीमेंट्स पर डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं की तरह कड़ी नजर नहीं रखी जाती है, जिसके कारण संभावित दुरुपयोग और हानिकारक परिणामों की संभावना बढ़ जाती है।

## जेआरसी का पोषक थाली से संतुलित आहार का संदेश



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने संयुक्त रूप से प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषक माह के अंतर्गत विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया। मनचन्दा ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण मास के अंतर्गत यह मास मानव शरीर के लिए उचित पोषण के महत्व और भूमिका पर प्रकाश डालता है। आवश्यक पोषक तत्वों और कैलोरी के संयोजन के साथ संतुलित आहार मानव शरीर के सुचारू कार्य करने और विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जब भारत तेजी से और गहनता से यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी के भोजन में मोटे अन्न एवं अन्य पौष्टिक तत्व सम्मिलित हों जिस के लिए समग्र पोषण में सुधार की दिशा में एक केंद्रित और समेकित दृष्टिकोण के लिए यह आवश्यक है कि अपने आहार में संपूर्ण पोषक तत्वों को सम्मिलित किया जाए। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि आहार में विविधता और पौष्टिकता को बढ़ाने के लिए बाजरा, दालें, बारह मास उपलब्ध होने वाले और मौसमी स्थानीय सब्जियों, फलों आदि का उपयोग करने के लिए छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि पोषक माह के चारों सप्ताह के थीम इस प्रकार हैं प्रथम सप्ताह पोषण वाटिका , द्वितीय सप्ताह के लिए योग और आयुष, तीसरे सप्ताह के लिए क्षेत्रीय पोषण किट और चौथे सप्ताह के लिए अत्यधिक रूप से तीव्र कुपोषित बच्चों की पहचान और पौष्टिक भोजन का वितरण। प्राचार्य ने बताया कि एनीमिया शिविर, एसएएम बच्चों की ब्लॉक स्तर पर पहचान के लिए अभियान, बच्चों में एसएएम के प्रसार से निपटने के लिए एक पहल के रूप में एसएएम बच्चों के लिए पर्यविक्षित पूरक आहार कार्यक्रम पांच वर्ष की आयु तक, तीव्र कुपोषण के सामुदायिक प्रबंधन के लिए संवेदीकरण आदि कार्यक्रम सरकार द्वारा वृहद स्तर पर चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य मनचन्दा ने सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं, छात्र और छात्राओं को अपने आहार में पौष्टिक भोजन और मिलेट्स लेने के लिए प्रेरित किया।

## गणेश जी की प्रतिमा का पूजा के बाद किया विसर्जन



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट व आरडब्ल्यूए महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद द्वारा गत 7 सितंबर से श्री महावीर मंदिर में आयोजित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम का पंडित ओमकार शास्त्री के सानिध्य में गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ... की गूंज के साथ शुक्रवार को पूरी श्रद्धा व गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व गणेश प्रतिमाओं की विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाया गया। समारोह के सफल आयोजन में श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट से सेवादार टेकचंद नंद्राजोग (टोनी पहलवान), सचिव अनिल गुप्ता, आरडब्ल्यूए महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद के प्रधान चरण सिंह सैनी, सचिव योगेश चावला, कैशियर सुनील शर्मा, अनिल वर्मा, धीरज वधवा, टीटू मटकेवाला, पं. शिवराम शर्मा, अनिल गुप्ता, सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौधरी, के.डी. शर्मा, पिंटू सैनी, राजेश तनेजा, संजीव सलूजा, राजू मिगलानी तथा समस्त गुरुद्वारा महावीर नगर महिला मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गणेश प्रतिमा विसर्जन में पूरी तन्मयता के साथ भाग लिया। गणेशोत्सव के दौरान विशेषकर छोटे बच्चे व युवा खासे उत्साहित नजर आए, जो शोभायात्रा के आगे ही आगे नाचते झूमते चल रहे थे। इसके बाद प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकालकर जलाशयों में विसर्जन किया गया। गत शनिवार से चल रहे सात दिवसीय समारोह के तहत प्रतिदिन भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा था। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना करते हुए व्रत उपवास रखे। उत्तर पूजन, भजन-कीर्तन आरती के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# चुनावी शंखनाद : धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा से भाजपा के चुनावी प्रचार को धार देंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करुक्षेत्र से करेंगे भाजपा की जीत का शंखनाद, दो दर्जन विधानसभा सीटों पर भाजपा की चुनावी जमीन को और मजबूत करेंगे**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में चुनावी प्रचार को धार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में अपने संबोधन के साथ ही भाजपा के चुनावी प्रचार का शंखनाद करेंगे। इस रैली को लेकर लगभग सभी तैयारियां कर ली गई हैं। रैली को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्षों और जिला प्रभारी से लेकर तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रैली को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि 6 जिलों के 23 विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि भारी संख्या में इस रैली में अपने नेता के संबोधन को सुनने के लिए पहुंचे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रदेश में तीसरी बार कमल खिलने जा रहा है। शंखनाद रैली को लेकर कुरुक्षेत्र शहर और रैली स्थल को अभेद दुर्ग में तब्दील कर दिया गया है। रैली स्थल से दो किलोमीटर दूर तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा को लेकर एडीजीपी अंबाला रेंज सिबाज कविराज और पुलिस व लोक व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) एडीजीपी संजय कुमार ने रैली स्थल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था जांच ली है।

**हरियाणा भाजपा पूरी तरह से मैदान में**

हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। सभी दलों के स्टार प्रचारक पूरी तरह मैदान में उतर चुके हैं और इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल कुरुक्षेत्र की रणभूमि से आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दौरान एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके जरिए प्रधानमंत्री कई सीटों पर दांव साधेंगे। प्रधानमंत्री अपनी कुरुक्षेत्र की रैली से हरियाणा की राजनीतिक फिजा बदलेंगे। गौरतलब है कि आगामी 5 अक्टूबर को प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये भारतीय जनता पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की थी,जिसमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित, गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर सहित 40 गणमान्य नेता शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए हरियाणा भाजपा के कार्यकर्ता पूरे जोश और उत्साह के साथ दिन रात एक कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की इस विशाल जनसभा की व्यवस्थाओं में कोई कमी न रह जाए, इसलिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

# प्रदेश की जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं हुड्डा : मूलचंद शर्मा



समाचार गेट/संजय शर्मा

**बल्लभगढ़।** भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा की वे पुत्र मोह में फसे हुए है,उनका किसानों और कर्मचारियों के हितों से लेना देना नही हैं इसीलिए वह सता के लिए प्रदेश की जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं।

मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के काले कारनामों को जान चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा का कमल खिलेगा और गरीब का बेटा नायब सिंह सैनी प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस ने वृद्धावस्था पेंशन और किसानों का ख्याल नहीं रखा था अपने चहेतों को नौकरियां नौकरियां बांट दी थी।

भाजपा सरकार में योग्यता के आधार पर गरीब का हो या अमीर का सभी को योग्यता में आधार पर रोजगार देने के काम किया हे । भाजपा ने ही 3 हजार बुढ़ापा पेंशन देने का काम किया है। भाजपा ने किसानों को एमएसपी और अन्य सुविधाएं देने का बेहतरीन काम किया है।

**भाजपा की हरियाणा में फिर तीसरी बार सरकार बनेगी**

प्रदेश के गरीब का बेटा नायब सिंह सैनी फिर मुख्यमंत्री बनेगा। चुनावी दंगल के बीच भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा अपनी विधानसभा बल्लभगढ़ में लगातार लोगों से जनसंपर्क कर रहे हैं इसी जनसंपर्क के बीच आज सेक्टर 3,भीमसेन कालोनी, सुभाष कालोनी,कुंदन कालोनी,सेक्टर 23 ए,सराय मोहल्ला मुजेसर, मुजेसर और संजय कालोनी लोगों के बीच पहुंचे और भाजपा की रीति और नीति से लोगों को अवगत कराया और बल्लभगढ़ में कराए गए रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्यों को सभी के सामने विस्तार से बताया। इस मौके पर स्थापित निवासियों ने कहा कि भाजपा ने आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है इसीलिए उन्होंने अपना समर्थन भाजपा के उम्मीदवार मूलचंद शर्मा को देने का ऐलान किया है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश से पूर्व में मंत्री रहे बोहरे लाल मौर्य एमएलसी भी उपसथित रहे।

बोहरे लाल मौर्य ने 3 के निवासियों को संबोधित किया और कहा कि हरियाणा में फिर भाजपा सरकार बनने जा रही है उन्होंने कहा कि मूलचंद शर्मा रिकॉर्ड तोड़ वोटो से विजई होकर चंडीगढ़ पहुंचेंगे और बल्लभगढ़ की जनता की अधूरी रहने वाली समस्याओं को भी दूर करने का काम करेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलखा पहुंचे गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने

**स्वर-साधना मंदिर के कलाकारों ने महाराष्ट्र मित्र मंडल की ओर आयोजित श्री गणेश उत्सव में भजनों की प्रस्तुति देकर सब का मनमोह लिया**



समाचार गेट/ओमप्रकाश पंचाल

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा सार्वजानिक श्री गणेश उत्सव गाँधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में छह से 16 सितम्बर तक बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है। बडखल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलखा मुख्य अतिथि के रूप में भजन संध्या में उपस्थित रहें एवं उन्होंने प्रथम पूज्य श्री गणेश जी का आशीर्वाद लिया एवं उनकी आरती भी की.

उन्होंने बताया की वह महाराष्ट्र मित्र मंडल से 2009 से जुड़े हुए है एवं मंडल के सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थति जरुर रखते है. धनेश अदलखा जी ने भजन संध्या में भजन का भी आनंद लिया एवं सभी कलाकारों के लिए तालियां भी बजाई। विशिष्ठ अतिथि फरीदाबाद प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भक्तजनों को बताया की वह जब गत वर्ष मंडल में बप्पा का आशीर्वाद लेने आए थे तब वह भाजपा कार्यकर्ता थे और इसी वर्ष उन्हें फरीदाबाद प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

विशिष्ठ अतिथि निवर्तन महापोर सुमन बाला जी ने बाप्पा का आशीर्वाद लिया एवं बप्पा की आरती में वह भावुक दिखी। मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ठ अतिथियों को सम्मानित अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल, यशवंत पांचाल, एवं उदय भान द्वारा स्मृति चिह्न एवं फेटा भेंट कर किया गया। भजन संध्या का आरंभ गणेश जी की वंदना से किया गया जिसे रिचा, दिव्यांजलि, दृष्टि, यशिका, शिखर, हर्षवर्धन, प्रद्युमन, अंशुल ने बहुत ही कुशलता पूर्वक गाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया ' भजनों की प्रस्तुति में दिव्यांश ने करुणामयी श्यामा प्यारी गाकर सबका मन मोह लिया वही अंशुल ने गणपति गणेश जी को ध्यावें गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। रितेश ने राम जी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी गाकर सबको राममय कर दिया।

वहीं शालू अरोड़ा ने अपनी भजन माला की प्रस्तुति में दीवाना बना दिया हमें मस्ताना बना दिया गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया और हर्षवर्धन ने साँची ज्योतो वाली माता तेरी जयजयकार गाकर मां की अर्चना की और भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति रश्मि ने भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य शैली में दी। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रोताओं ने कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की और राजेंद्र पांचाल जी, चिंतामणि और अक्षय ने सप्रेम भेट देकर अंजु मुंजाल एवं उन्ही पूरी टीम को सम्मानित स्मृति चिह्न एवं फेटा भेंट कर किया गया।

## सीपी दफ्तर में नियुक्त पुलिसकर्मियों को चुनाव से संबंधित कानून/नियमों के बारे में दिया गया प्रशिक्षण



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव के मध्यनजर पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के दिशा निर्देशानुसार व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के मार्गदर्शन में पुलिस आयुक्त कार्यालय में नियुक्त पुलिसकर्मियों को चुनाव से संबंधित कानून व नियमों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में रैकरूट प्रशिक्षण केन्द्र भोंडसी गुरुग्राम से आए कानून प्रशिक्षक ऊ/अरक नीलम देवी द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21 सी में पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चुनाव के दौरान पुलिसकर्मियों की अहम ड्यूटियाँ होती है। कानून व्यवस्था के साथ-साथ निष्पक्ष चुनाव कराना भी पुलिस बहुत जिम्मेवारी है। पुलिस को चुनाव से संबंधित नियम व कानूनों की जानकारी होना आवश्यक है। जिस संबंध में आज पुलिस आयुक्त कार्यालय में एक वर्कशॉप का आयोजन करवाकर पुलिसकर्मियों को चुनाव संबंधी नियम व कानूनों के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। इसी क्रम में रैकरूट प्रशिक्षण केन्द्र भोंडसी गुरुग्राम से आए कानून प्रशिक्षको द्वारा थाना चौकी में नियुक्त पुलिस कर्मचारियों को भी चुनाव संबंधी नियम व कानूनों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## महा गणेश उत्सव में हुई दिव्य आरती



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सेक्टर 77 के एल जे सोसाइटी प्लैटिनम प्लस टावर में चल रही गणेश पूजा का आज सातवां दिन भक्तों की अपार भीड़ के बीच में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे के साथ भगवान की महा आरती उतारी गई। विघ्न के हर्ता मंगल के करता भगवान गजानन जी से प्रार्थना किया गया सामूहिक रूप से समिति के विभिन्न वर्ग के लोगों के द्वारा यह आयोजन किया गया। मुख्य रूप से आरती करने के लिए समिति के प्रधान डीके सिंह सपरिवार उपस्थित हुए उनके साथ विशेष रूप से प्राचीन शिव मंदिर राजीव कॉलोनी के अधिष्ठाता आचार्य सर्वेश पांडे ने सभी उपस्थित को आशीर्वाद प्रदान किया। यह महोत्सव 14 तारीख तक चलेगा 15 तारीख को विशाल यज्ञ और भंडारे के साथ इसका समापन होगा। समिति के गणमान्य लोग गणेश पूजा में शामिल होकर गणपति भगवान का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आईएम मिश्रा, सोम प्रकाश शर्मा, सुजीत कुमार ,आशुतोष, एचआर माथुरी, आरआर पाराशर, मनोज वर्मा, सिकंदर नगर, अनिल भारद्वाज, राम प्रसाद उपस्थित हुए।

## एक थप्पड़ के बदले कत्ल: शराब को लेकर हुआ था विवाद

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** दोस्त की हत्या करने वाले एक दोषी को सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख पांच हजार रुपये जुमार्ना किया है। यह मामला नौ फरवरी 2020 को थाना सदर बल्लभगढ़ में दर्ज हुआ था। मुजेड़ी गांव में रहने वाली रेशमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका पति संजय मजदूरी करता था। वहीं पर महबूब सैफी नाम का युवक भी रहता था। रेशमा ने बताया था कि चार फरवरी को महबूब ने शराब पी हुई थी। मुजेड़ी में रास्ते में उनके पति ने महबूब से इतनी अधिक शराब न पीने की सलाह दी। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पति ने महबूब को थप्पड़ मार दिया। इससे महबूब गुस्सा हो गया और उसके पति को शराब पिलाने के बहाने कुछ दूर ले गया और वहां उसकी कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले की कई दिन बाद उसे पता लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने बताया कि वह पिस्तौल को अलीगढ़ में एक युवक से खरीदकर लाया था। थप्पड़ मारने का बदला लेने के लिए उसने नशे में इस वारदात को अंजाम दिया था। एडवोकेट रविंद्र गुप्ता ने बताया कि इस मामले में 27 तारीख पड़ी और 18 लोगों की गवाही हुई। मामले की पैरवी उप जिला न्यायवादी जगदीश चंद्र शर्मा ने की थी। अदालत ने महबूब को सजा सुनाई।

## पुलिस ने शराब तस्करों पर प्रहार करते हुए 3 आरोपियों किया गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने शराब तस्करों पर प्रहार करते हुए 3 अलग-अलग मामलों में महिला आरोपी सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित, पंकज और महिला आरोपी उषा उर्फ चमकनी का नाम शामिल है। अंकित ठोकळ का, पंकज गाँव बडोली फरीदाबाद तथा महिला उषा उर्फ चमकनी दयाल नगर की रहने वाली है। पुलिस टीम ने आरोपी अंकित को अजरौंदा चौक ठोकळ एरिया से 192 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ, पंकज को गांव बरौली के एरिया से 11 पव्वे शराब देसी के साथ तथा महिला उषा उर्फ चमकने को दयाल नगर एरिया से 54 पव्वा शराब देसी के साथ काबू किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाने में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## होडल के सौंध गाँव से 6.51 ग्राम स्मैक सहित एक नशा तस्कर को किया काबू



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल मै नशा का कारोबार युवाओं को धीरे धीरे गिरफ्त में लेकर मौत की तरफ खीच रहा है और युवाओं के भविष्य खराब कर रहा है नही पर वार करते हुए हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के नेतृत्व एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमति पंखुडी कुमार के दिशा निर्देशों पर समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान नशा मुक्त हरियाणा नशा मुक्त भारत" के तहत कार्रवाई करते हुए यूनिट फरीदाबाद ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए 6.51 ग्राम स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उप पुलिस अधीक्षक फरीदाबाद अनिल कुमार वशिष्ठ एवं हरियाणा एनसीबी यूनिट प्रभारी निरीक्षक मनोज सांगवान ने बताया कि खुफिया ड्यूटी के संबंध में हरियाणा एनसीबी यूनिट नूह-होडल रोड अंधोंप चौक के पास मौजूद थी कि मुखबिर ने टीम को सूचना दी कि अनिल पुत्र हरफूल निवासी गाँव सौंध होडल नशीला पदार्थ स्मैक बेचता है तथा गाँव मे भिझोकरा मंदिर के पास खड़ा होकर सरेआम नशीला पदार्थ बेच रहा है अगर फोरी रेड की जाये तो नशीला स्मैक सहित काबू आ सकता है। तुरंत हरियाणा एनसीबी यूनिट फरीदाबाद की टीम हरकत में आई और राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में आरोपी से 6.51 ग्राम स्मैक बरामद किया। जिसके संबंध में थाना मुण्डकटी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त हरियाणा एनसीबी यूनिट प्रभारी द्वारा बतलाया गया कि आरोपी को रिमांड पर लेकर पुछताछ कर मुख्य सप्लायर के बारे मे पता लगाकर जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जावेगा व अन्य आरोपीयों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। विस्तार से जानकारी देते हुए यूनिट प्रभारी निरीक्षक मनोज सांगवान ने बताया कि जहां से भी यह नशीला पदार्थ खरीद कर लाया था और जहां सप्लाई करना था, उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उसके लिए भी एक पुलिस टीम तैयार की गई है, जल्दी ही विक्रेता को काबू कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री न० 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सकें। आपकी दी हुई सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी एवं सूचना देने वाले का नाम पता किसी भी सूरत में उजागर नहीं किया जाएगा।

# नूंह में बरसात के साथ आफताब के समर्थन कार्यक्रम भी जारी

## पुराने कार्यकर्त्ता जाकिर का साथ छोड़ थाम रहे हैं आफताब का हाथ



(अनिल मोहनियां नूंह)

एक तरफ नूंह जिले में लगातार बारिश हो रही है और रुकने का नाम नहीं ले रही है तो दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद के समर्थन कार्यक्रम भी बढ़ते जा रहे हैं। खराब मौसम भी लोगों के जोश को कम नहीं कर पा रहा है ऐसा लगता है कि लोगों में कांग्रेस के प्रति दीवानगी बढ़ती जा रही है। ज़िला मुख्यालय नूँह, नूँह शहर, मच्छरोली में सैंकड़ों ने बीजेपी इनेलो आदि छोड़ कांग्रेस को समर्थन दे दिया । शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर गांधी ग्राम घासेड़ा से इकबाल, काली, इस्ताक, साहुन, खालिद, समीम, मुबीन, कामिल, इकलास, क्याम, अब्दुल हमीद सहित दर्जनों ने बीजेपी इनेलो आदि छोड़ कर कांग्रेस में आस्था व्यक्त की! कांग्रेस को समर्थन देने वाले लोगों ने कहा कि बीते दस सालों में ना रोजगार बढ़ा, ना महंगाई कम हुई, ना ही मूल भूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी और सिंचाई के पानी की आपूर्ति बीजेपी सरकार कर पाई। स्थानीय कानून व्यवस्था शून्य हो गई और इलाके के भाईचारा पर निशाना साधा गया। बीजेपी की सरकार ने नूंह जिले से भेदभाव करने का काम किया है इसीलिए वो कांग्रेस में आस्था जता रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कांग्रेस में शामिल होने वालों का धन्यवाद जताते हुए कहा कि सभी लोगों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इनेलो और बीजेपी की साजिश को लोग समझ चुके हैं, कुछ नेता आधे कपड़े इनेलो के और आधे कपड़े बीजेपी के पहन कर घूम रहे हैं और जनता को बेवकूफ बनाने की साजिश रच रहे हैं। वहीं नूंह शहर में भी कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को बड़ा समर्थन मिला जब नूंह शहर के पुराने आढ़ती श्री ओमप्रकाश उर्फ ओमी के परिवार के मुख्य लोगों लाला राजकुमार उर्फ राज, लाला बिट्टू,चेतन, तरुण आदि के परिजनों ने जाकिर हुसैन को छोड़कर आफताब अहमद को समर्थन दे दिया! इस दौरान कांग्रेसी नेता का पगड़ी और मालाओं से स्वागत किया गया। आफताब अहमद ने कहा कि चारों तरफ कांग्रेस की आंधी चल रही है, लोग बीजेपी जेजेपी के शासनकाल से त्रस्त हो गए हैं। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था सब सरकार के बस से बाहर की बात है। रोजगार के पेपर लीक आम बात हो गई है, कच्चे कर्मचारियों पर बल प्रयोग किया गया, बिजली पानी और सिंचाई सुविधाएं तक सरकार नहीं दे पाई। प्रदेश कर्ज. में डूबा हुआ है, विकास में नंबर वन रहा हरियाणा आज बीजेपी राज में अपनी बदहाली पर रो रहा है।कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि अगली सरकार कांग्रेस की बनने जा रही है, दस सालों से विकास की बाट जोह रहा नूंह जिला अब उम्मीद लगा रहा है, हम भी कांग्रेस सरकार बनने पर सुनिश्चित करेंगे कि नूंह जिले का संपूर्ण विकास हो। निवर्तमान विधायक आफताब अहमद ने जाकिर हुसैन पर निशाना साधते हुए कहा कि वो खुद बीजेपी में बने हुए हैं और अपने बेटे को इनेलो में भेज दिया है, ये दोहरी मानसिकता क्यों अपना रहे हैं। उन्होनें जाकिर हुसैन को ललकारते हुए कहा है कि जाकिर हुसैन अपने पांच सालों के काम काजों के बल बूते पर अपने बेटे के लिए वोट मांगने उसके साथ जाने की हिम्मत उठाएं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी के जाकिर हुसैन ने ये फैसला हताशा में लिया है और वो राजनैतिक रूप से विलुप्त होने के कगार पर हैं। उनमें मुकाबला करने की हिम्मत भी नहीं बची है और जनता को मूर्ख बनाने की असफल कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान मच्छरोली गाँव में भी लगभग दो दर्जन लोगों ने बीजेपी इनेलो आदि छोड़ आफताब अहमद को समर्थन दे दिया जिनमें प्रमुख रूप से जमशेद, जानु मोहम्मद, फुल मोहम्मद, हासम, कासम, नूरा,

ईसब हाजी, साकिर, जाकिर, उस्मान, हाबु, खानु, हारून, शौकत, जुबैर, सुलेमान आदि के परिवार शामिल हैं। विधायक आफताब अहमद ने सभी का स्वागत करते हुए उनके फैसले की तारीफ की और कहा कि वो सभी को एक साथ लेकर पूरा मान सम्मान देकर इलाके का विकास करेंगे। इस दौरानशहर और आसपास के सैंकड़ों लोग आफताब अहमद के साथ मौजूद रहे।

## नूंह जिला के तीन विधानसभा क्षेत्रों पर होंगे दो सामान्य पर्यवेक्षक



अनिल मोहनियां नूंह

भारतीय निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए नूंह जिला में दो सामान्य पर्यवेक्षकों (जनरल ऑब्जर्वर) की नियुक्त किया है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जे मंजूनाथ को 79-नूंह व 80-फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अवधेश कुमार तिवारी को 81-पुन्हाना के सामान्य पर्यवेक्षक होंगे। नूंह जिला में चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता व चुनाव सम्बन्धी अन्य मामलों की सूचना या शिकायत विधानसभावार सामान्य पर्यवेक्षकों को सीधे मोबाइल पर भी दी जा सकती हैं। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 79-नूंह व 80-फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्रों के सामान्य पर्यवेक्षक से मोबाइल नंबर 09996413532 पर नूंह के सर्किट हाउस के कमरा नंबर-203 में शाम 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता हैं। तथा पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक से मोबाइल नंबर 9896265412 पर नूंह के सर्किट हाउस में कमरा नंबर-102 में दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

## विधानसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की हुई द्वितीय रेंडमाइजेशन



अनिल मोहनियां नूंह

विधानसभा चुनाव-2024 के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में जिला में लगाए गए सामान्य पर्यवेक्षक जे मंजूनाथ व अवधेश कुमार तिवारी की उपस्थित में विधानसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाने के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की गई। उन्होंने कहा कि जिला में कुल 655 बूथ बनाए गए हैं जिन पर 786 पोलिंग पार्टियां लगाई गई है तथा 131 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। उन्होंने बताया कि 79-नूंह विधानसभा के लिए 241 बूथ बनाए गए हैं जिन पर 241 पोलिंग पार्टियों लगाई गई है इसके अलावा 40 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। 80-फिरोजपुर झिरका विधानसभा के लिए 310 बूथ बनाए गए हैं जिन पर 310 पोलिंग पार्टियों लगाई गई है इसके अलावा 52 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। इसी प्रकार 81-पुन्हाना विधानसभा के लिए 235 बूथ बनाए गए हैं जिन पर 235 पोलिंग पार्टियों लगाई गई है इसके अलावा 39 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने ने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। अब इन अधिकारियों की जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग करवाई जाएगी। हरियाणा प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए 5 अक्टूबर 2024 को विधानसभा चुनाव करवाएं जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए जिला में बनाए गए पोलिंग स्टेशनों के लिए पीठासीन अधिकारी तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। इसके अलावा जिला में रिजर्व स्टॉफ भी रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चुनावी ड्यूटी का कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला होता है, इसलिए जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव को लेकर लगाई गई हैं वें पूरी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाएं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम अशोक कुमार, एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत , एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम पुन्हाना संजय कुमार, प्रशिक्षु आईएएस अनिरुद्ध यादव व नायब तहसीलदार इलेक्शन, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 26 नामांकन पत्र हुए स्वीकृत- जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा



अनिल मोहनियां नूंह

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जमा हुए नामांकन पत्रों की शुक्रवार को जांच व छंटनी का कार्य किया गया, जिसमें कुल 41 नामांकन-पत्रों में से 15 नामांकन पत्र रद्द हो गए। अब छंटनी के बाद तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 26 नामांकन-पत्र सही पाए गए, जोकि स्वीकृत हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 16 सितंबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 79-नूंह विधानसभा क्षेत्र में कुल 16 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए थे। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत ने छंटनी के दौरान सही पाए जाने पर 9 नामांकन-पत्र स्वीकृत किए। स्वीकृत हुए नामांकन पत्रों में इंडियन नेशनल लोकदल से उम्मीदवार ताहिर हुसैन, भारत जोड़ो पार्टी से अनवर, जननायक जनता पार्टी से बिरेंद्र, आम आदमी पार्टी से राबिया किदवई के दो, भारतीय जनता पार्टी से संजय सिंह, इंडियन नेशनल लोकदल से ताहिर हुसैन, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आफताब अहमद के शामिल हैं। आज छंटनी के दौरान नूंह में सात नामांकन पत्रों को रद्द कर किया, जिनमें इंडियन नेशनल लोकदल से उम्मीदवार नसीमा बेगम के दो, निर्दलीय उम्मीदवार पंडित रेवती प्रसाद, आम आदमी पार्टी से मोहम्मद उसमान, भारतीय जनता पार्टी से अरूण सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस मैमूना सुलतान के दो नामांकन पत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 80-फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में कुल 13 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे, जिसमें रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल ने सही पाए जाने पर 9 नामांकन पत्र स्वीकृत किए। स्वीकृत हुए नामांकन पत्रों में भारतीय वीर दल से उम्मीदवार नरेंद्र कुमार, निर्दलीय मोहम्मद हाशिम, आम आदमी पार्टी से वसीम जाफर, निर्दलीय वसीम आजाद, भारतीय जनता पार्टी से नसीम अहमद, जननायक जनता पार्टी से जान मोहम्मद, इंडियन नेशनल लोकदल मोहम्मद हबीब, निर्दलीय मुमताज अहमद, इंडियन नेशनल कांग्रेस से उम्मीदवार मम्मन खान के शामिल हैं। चार नामांकन पत्रों को रद्द कर दिया गया, जिनमें उम्मीदवार मोहम्मद शाहिद, दिलशाद, जुम्मी व शमशाद के नामांकन पत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 81-पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में कुल 12 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे, जिसमें रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पुन्हाना संजय कुमार ने सही पाए पर 8 नामांकन पत्र स्वीकृत किए, जिसमें आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से उम्मीदवार अताउल्ला, आम आदमी पार्टी से नायब हुसैन, निर्दलीय साजिद, निर्दलीय शकीम खान, इंडियन नेशनल लोकदल से दयावती, भारतीय जनता पार्टी से मोहम्मद एजाज खान, निर्दलीय रहीश खान, इंडियन नेशनल कांग्रेस मोहम्मद इलियास के नामांकन पत्र शामिल हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में चार नामांकन पत्र रद्द किए गए, जिनमें इंडियन नेशनल लोकदल से सुमित अवाना, भारतीय जनता पार्टी से आरिफ खान, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जावेद, इंडियन नेशनल कांग्रेस से मोहम्मद इलियास के नामांकन पत्र शामिल हैं।

## घर के बाहर से बाईक चोरी, मामला दर्ज

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

**होडल,** शहर में बाईक चोरों का आतंक लगातार बढता जा रहा है। चुनावों के दौरान चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था के बाद भी बाईक चौरों के हौंसले बुलंद हैं। लगातार हो रही बाहन चोरी की घटनाओं से लोगों के दहशत व्याप्त है। अब बाईसी मोहल्ला से घर के बाहर खडी बाईक चोरी का मामला सामने आया है। पीडित ने बाईक को काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में पीडित युवक ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। दैशल मोहल्ला निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात सितंबर को उसने अपने घर के बाहर बाइक को ताला लगाकर खड़ा किया था, लेकिन थोड़ी देर बाद जब वह घर के बाहर बाइक लेने के लिए पहुंचा तो वहां से बाइक गायब मिली। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी सजगता से निभाएं जिम्मेवारी- चुनाव पर्यवेक्षक

अनिल मोहनियां नूंह

हरियाणा विधानसभा आम चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिला नूंह के चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक जे मंजूनाथ ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग-एमसीएमसी रूम का निरीक्षण किया तथा एमसीएमसी टीम की कार्यशैली देखी। उन्होंने कहा कि मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर पेड न्यूज व विज्ञापन पर पैनी नजर रखें और प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित होने वाली संदिग्ध प्रचार सामग्री पर तुरंत संज्ञान लें। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर जारी किए जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों को संबंधित एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणन की आवश्यकता होगी। सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टीवी चैनल, केबल नेटवर्क, रेडियो सहित निजी एफएम चैनल, सिनेमा हॉल, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले, फोन पर वॉयस मैसेज, बल्क एसएमएस और सोशल मीडिया व इंटरनेट वेबसाइटों में राजनीतिक विज्ञापन, उम्मीदवार व राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा, वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। प्रचार सामग्री का प्रमाण पत्र लेने के लिए 48 घंटे पहले एमसीएमसी के पास प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा। एमसीएमसी कमेटी का कार्य पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है।



सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से करवाएं समाधान- चुनाव पर्यवेक्षक

सामान्य पर्यवेक्षक जे. मंजूनाथ ने विधानसभा चुनाव के दौरान निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए जिला स्तर पर लघु सचिवालय में स्थापित शिकायत मॉनिटरिंग-1950 कंट्रोल रूम, सी-विजिल रूम का भी निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित की जाए और सी-विजिल अथवा 1950 पर आने वाली शिकायतों अथवा समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें।

# बारिश के साथ बढ़ता रहा जोश राजेश नागर के साथ जुटा तिगांव बाजार

## भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के साथ पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने तिगांव मुख्य बाजार में किया डोर टू डोर कैंपेन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेश नागर ने तिगांव के मुख्य बाजार में डोर टू डोर कैंपेन किया। उन्होंने हर दुकानदार को कनेक्ट किया वहीं भारी बारिश के बावजूद बाजार भी उनके साथ खड़ा दिखाई दिया। गोयल स्वयं भी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी हैं लेकिन अपने मित्र राजेश नागर के पक्ष में वोट मांगने यहां पहुंचे हैं। विपुल गोयल ने दुकानदारों से कहा कि सबका साथ सबका विकास भाजपा का मूलमंत्र है। हम अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास ले जाने के लिए संकल्पित हैं। आप राजेश नागर को दोबारा विधायक बनाकर विधानसभा भेजेंगे तो प्रदेश में तीसरी बार बनने वाली भाजपा सरकार और विकास करेगी।

दुकानदारों ने कहा कि भाई राजेश नागर हमारे साथी हैं। वह हमारे हर सुख दुख में साथ खड़े रहे हैं, हम भी उनके हर सुख दुख में साथ खड़े हैं और उन्हें इस बार पहले से भी ज्यादा अंतर के साथ जिताकर विधानसभा भेजेंगे। विधायक राजेश नागर अपने साथियों के साथ आज तिगांव के मुख्य बाजार से निकले और हर दुकानदार से बात की।

उन्होंने लोगों का हाल-चाल पूछ और विकास की डोर को हाथ से ना छुटने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैंने आपके लिए हर संभव प्रयास किया है और आगे भी करता रहूंगा। बस आपका आशीर्वाद पहले की तरह मिलता रहे। राजेश नागर ने कहा कि मैं आज ही आपके बीच में नहीं आया हूं बल्कि मैं पिछले दशकों से आपके बीच में रहा हूं और आपके हर दुख तकलीफ को मैंने सुना है। मैंने क्षेत्र की हर समस्या को सीएम साहब के सामने रखा और उन्हें मन। इस बात को खुद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कह कर गए हैं। जब वह मेरे नामांकन में आए तो उन्होंने कहा कि राजेश नागर की तरह विकास के प्रति दीवानगी मैंने दूसरे विधायक में नहीं देखी। आप लोगों के लिए इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है।

नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों करोड रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। हमारी सरकार ने ऐसी सड़कों तक भी विकास पहुंचाया जहां पर दशकों से नहीं पहुंचा था। मैं आपसे केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप विकास की डोर को हाथ से छूटने नहीं देना और तीसरी बार भाजपा की सरकार हरियाणा में बनानी है, डबल इंजन की सरकार बनानी है। जिससे कि विकास तेज गति से चलता रहे। नागर ने कहा कि क्षेत्र में विकास की बहुत जरूरत है। अभी बहुत विकास कराया जाना है। इसके लिए मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए। यहां दुकानदारों ने हाथों में फूल मालाएं लेकर उनका स्वागत किया और कहा कि राजेश नागर हमारा भाई है। हमने पीछे भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी और आगे भी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम भाई राजेश नागर को प्रदेश में सर्वाधिक वोट देकर विजय बनाएंगे।

इस अवसर पर विक्रम प्रताप सरपंच, वेद अधाना सरपंच, हरिचंद सरपंच, सतवीर सरपंच, सरदार रेशम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, अजब चंदीला, जसवंत बीडीसी, वीरपाल जैलदार, जगबीर कसाना, कर्मवीर बोहरा, सुखबीर, अमित भारद्वाज, आजाद नागर, जेपी अग्रवाल, जय किशन वर्मा, कमल मेंबर, अनिल शर्मा, सुखपाल नागर, अमन नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा नेता देवेंद्र दीक्षित ने समर्थकों सहित कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला को दिया समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी लखन सिंगला के चुनावी अभियान को उस समय बड़ा बल मिल गया, जब भाजपा एवं ब्राह्मण नेता देवेंद्र दीक्षित ने समर्थकों सहित लखन सिंगला के समर्थन में हुंकार भरते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया।

सेक्टर-8 में उनके निवास पर भाजपा नेता देवेंद्र दीक्षित ने कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला को समर्थन देने की घोषणा करते हुए कहा कि लखन सिंगला पिछले 30 सालों से फरीदाबाद क्षेत्र के लोगों की सेवा में समर्पित भावना से काम कर रहे हैं, वह यहां के सेक्टरों से लेकर कालोनियों और स्लम बस्तियों सभी में व्याप्त समस्याओं से भली भांति परिचित है इसलिए जनता इस बार उन्हें विधायक चुनकर चंडीगढ़ भेजेगी ताकि वह फरीदाबाद क्षेत्र के विकास की आवाज को पुरजोर तरीके से हरियाणा विधानसभा में उठा सके। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला ने कहा कि यह चुनाव फरीदाबाद क्षेत्र के विकास का चुनाव है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दस सालों में इस क्षेत्र को नरक बना दिया है, टूटी सडकें, ओवरफ्लो सीवरेज, पीने के पानी की कमी से यहां की जनता त्रस्त है, स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपाईयों ने केवल जनता की खून पसीने की कमाई को घोटालों के माध्यम से हड़पने का काम किया है, लेकिन अब समय गया है, जब हम सभी को एकजुट होकर वोट की चोट से इस जनविरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फैंकना होगा। श्री सिंगला ने कहा कि फरीदाबाद की बदहाली देखकर उनका मन रोता है, वह चाहते है कि फरीदाबाद शहर को वास्तव में स्मार्ट बनाया जाए, ऐसा फरीदाबाद, जहां की सभी कालोनियां, स्लम बस्तियां व सेक्टरों में सभी मूलभूत सुविधाएं लोगों को मिले, सरकार लोगों को उनके मौलिक अधिकार प्रदान करे और ऐसा तभी संभव हो पाएगा, जब समूचे हरियाणा में कांग्रेस के प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा संख्या में जीतकर विधानसभा में पहुंचेंगे और कांग्रेस की सरकार बनेगी, इसलिए इस बार फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें और प्रदेश में चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनाने का काम करे। उपस्थित लोगों ने दोनों हाथ उठाकर लखन सिंगला का अभिवादन करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि अबकि बार जनता उन्हें हरियाणा विधानसभा पहुंचाकर ही दम लेगी।

# कांग्रेस ने मेरी टिकट काटकर किया तिगांव क्षेत्र की जनता का अपमान : ललित नागर



**अपने पैतृक गांव भुआपुर में भावुक हुए पूर्व विधायक, बोले जनता करेगी हिसाब**

**सभा में मौजूद लोगों ने कहा हयमैं भी हूं ललित नागरहृण बनकर लड़ेंगे चुनाव**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं निर्दलीय उम्मीदवार ललित नागर ने अपने पैतृक गांव भुआपुर से अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। इस दौरान गांव भुआपुर पहुंचे, ललित नागर का ग्रामीणों ने गांव की फिरनी से डीजे व ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत जुलूस निकालते हुए चौपाल पर लेकर पहुंचे, जहां बुजुर्गो ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए गले से लगाते हुए उन्हें भरपूर समर्थन देने का आशीर्वाद दिया। सभा में मौजूद लोगों ने एक स्वर में ललित नागर को भारी मतों से विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजने की हुंकार भरी।

सभा में लोगों के बीच भावुक होते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि जब से मैंने राजनीति शुरू की, आपके बीच रहा हूं, आपने ही विधायक चुनकर चंडीगढ़ भेजा था, उस दौरान तिगांव क्षेत्र के विकास की आवाज को विधानसभा पटल पर पुरजोर तरीके से उठाया, जितना संभव हो पाया विपक्ष में रहते हुए विकास कार्य करवाए और लोगों के दुख-सुख में शामिल रहा, करीब बीस सालों तक एक लायक बेटे की तरह न केवल तिगांव क्षेत्र की बल्कि कांग्रेस पार्टी की सेवा की, लेकिन पार्टी ने जनभावनाओं को दरकिनार कर मेरा टिकट काट दिया और ऐसे व्यक्ति को टिकट दे दिया, जिसे लोग जानते-पहचानते तक नहीं। पार्टी ने टिकट काटकर न केवल मेरा बल्कि समूची तिगांव क्षेत्र की जनता का अपमान किया है।

श्री नागर ने कहा कि मेरे विरोधियों को भनक लग गई थी कि ललित नागर चुनाव जीतेगा और कांग्रेस सरकार में यह मंत्री बनकर इस क्षेत्र को सबसे विकसित क्षेत्र बनाएगा इसलिए योजनाबद्ध तरीके से मेरे साथ विश्वासघात किया गया है। श्री नागर ने कहा कि टिकट कटने के बाद वह बहुत दुखी हुए, लेकिन जब तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी ने एक स्वर में उन्हें अपना उम्मीदवार चुनते हुए चुनावी रण में उतरने का आदेश दिया तो उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा हो गया कि जनता ही मेरी टिकट है और जनता ही यह चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यह तिगांव के सम्मान की लड़ाई है और इस लड़ाई में हमें हयमैं भी हूं ललित नागरहृण बनकर वोट की चोट से विरोधियों को करारा जवाब देने का काम करना है।

सभा के दौरान मौजूद लोगों ने दोनों हाथ उठाकर ललित नागर को विश्वास दिलाया कि तिगांव क्षेत्र की जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजने का काम करेगी।

# ईमानदारी-शराफत की छवि और भ्रष्टाचार को तराजू में तोलकर मतदान करेगी पृथला की जनताः रघुवीर तेवतिया



**पृथला क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी को चुनावी अभियान में जनौली व मांदकौल में मिला अपार समर्थन**

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**पृथला।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रघुवीर सिंह तेवतिया के चुनावी अभियान को आज उस समय बडी सफलता मिली जब उनके पैतृक गांव जनौली में लोगों ने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया। इस मौके पर आयोजित सभा में मौजूद हजारों की संख्या में लोगों ने एकमत होकर फैसला किया कि वह गांव-गांव जाकर स्वयं रघुवीर तेवतिया बनकर झोली फैलाकर लोगों से वोटों की अपील करेंगे क्योंकि यह चुनाव अब उनके गांव के प्रत्येक बच्चे-बच्चे का स्वयं का भी चुनाव बन गया है, और कांग्रेस पार्टी ने उनके गांव के रघुवीरा को टिकट देकर समस्त जनौली गांव ही नहीं बल्कि तेवतिया पाल और समूचे क्षेत्र को 36 बिरादरी को मान दिया है।

गांव में मिले अपार समर्थन से भाव विभोर कांग्रेस पत्याशी रघुवीर तेवतिया ने कहा कि आज जिस प्रकार से लोगों ने उनके प्रति प्यार व सम्मान दिखाया है वह उसे जीवन भर भुला नहीं सकते। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पृथला क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने का चुनाव है क्योंकि पिछले 10 सालों में हमारे क्षेत्र की जो दुर्गति हुई है, वह आप सबसे छिपी नहीं है। भाजपा के राज में दोनों जिस कदर भ्रष्टाचार और लूट मची है, वहीं जाति-धर्म वर्ग विशेष की बात कर जुम्लेबाजी में लोगों की भावनाओं से खेल आपसी भाईचारे को बिगाडा गया है। इसलिए अब समय आ गया है, ईमानदारी-शराफत व बेदाग छवि और बेईमानी को तराजू में तोलकर एक ईमानदार व्यक्ति को चुनकर विधानसभा में भेजें ताकि पृथला क्षेत्र के नागरिकों के विकास के सपनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व में मैंने विधायक रहते हुए ईमानदारी से सेवा कर पृथला क्षेत्र को रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, औद्योगिक व सड़क मार्ग आदि विकास के मामले की बुलंदियों पर पहुंचाया था, इसलिए मैं आपसे वादा करता हूँ कि मुझे दिया गया एक एक वोट आपके क्षेत्र को खुशहाली व 36 बिरादरी व हर वर्ग के भाईचारे में सहायक होगा। इसके उपरांत कांग्रेस प्रत्याशी ने मांदकौल गांव का दौरा कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर उन्हें जगह-जगह फूलमाओं से व पगडी पहनाकर जोरदार कर स्वागत व सम्मान किया गया।

# आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीपी और डीसी के नेतृत्व में पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**कानून व्यवस्था खराब करने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई, आमजन निसंकोच होकर करें मतदान : सीपी**

**फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** बता दे की 5 अक्टूबर को हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने निश्चित है, जिस संबंध में पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, सीपी और डीसी विक्रम सिंह के नेतृत्व में फरीदाबाद शहर में भारी पुलिस बल व अर्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम सिंह, पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ अनिल कुमार व पुलिस उपायुक्त यातायात उषा के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल व अर्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन द्वारा अपने मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने के लिए आश्वस्त करना और वहीं अपराधियों मे भय पैदा करना है ताकि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे और आमजन निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

**फ्लैग मार्च मार्ग :**

फ्लैग मार्च का काफिला पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21 सी से चलकर सेक्टर-21 डी से भगतसिंह चौक से नीलम चौक से बाटा पुल से हार्डवेयर चौक से सोहना टी-पॉईंट से बल्लभगढ़ पुल से अम्बेडकर चौक से ऊंचा गांव चुंगी से चंदावली पुल बाईपास रोड से सेक्टर-3 बाईपास रोड से सेक्टर-8 बाईपास रोड से सेक्टर-12 पर समापन हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्रों का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही एसएसटी और एफसीटी को भी चेक किया गया व स्टाफ को शराब तस्करी, अवैध नगदी के आवागमन व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं/पदार्थों पर रोक लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

चुनाव के दौरान शराब/नशा तस्करों व अन्य सामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार की आपराधिक जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत डायल 112 या संबंधित पुलिस थाना प्रभारी को देकर पुलिस प्रशासन के कार्यों में मदद करें। आमजन ही पुलिस के आंख और कान हैं, फरीदाबाद पुलिस सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

# कांग्रेस सरकार में प्रवासी वर्ग को मिलेगा प्रतिनिधित्व : नीरज शर्मा

**कोरोना काल में प्रवासी वर्ग पर हुआ अत्याचार, चुप रही भाजपा सरकार**

**कांग्रेस प्रत्याशी को मिल रहा प्रवासी वर्ग का समर्थन**

**प्रवासियों की सत्ता में हिस्सेदारी को लेकर कांग्रेस गंभीर**



**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा जनसम्पर्क के दौरान संजय कॉलोनी पहुंचे। वहां पहुंचने पर लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। तथा चुनाव में उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया। लोगों को संबोधित करते हुए नीरज शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद के विकास में प्रवासी वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अपनी मेहनत व लग्न से वह शहर को आगे बढ़ने में सहायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही प्रवासी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। जो कि प्रवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए काम करेगा। प्रवासी वर्ग के साथ कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी है। उनके साथ किसी तरह का कोई भी अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। कोरोना काल में जब प्रवासी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। तब भाजपा अंडरग्राउंड हो गई थी। प्रवासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। प्रवासी अब भाजपा के झांसे में नहीं आने वाले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि प्रवासी वर्ग की वोट लेने के लिए भाजपा तैयार रहती है। लेकिन जब उन्हें बराबर का प्रतिनिधित्व देने की बात आती है, तो वह पीछे हट जाती है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रवासी वर्ग की सत्ता में हिस्सेदारी को लेकर गंभीर हैं। इसी कड़ी में आगामी नगर निगम चुनाव में प्रत्येक विधानसभा में कम-से-कम एक टिकट प्रवासी वर्ग को दिया जाएगा। ताकि उनकी आवाज उठाने के लिए उनके पास एक बेहतर मंच हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार रहते हुए फरीदाबाद नगर निगम के प्रथम मेयर प्रवासी वर्ग से आने वाले सूबेदार सुमन को बनाया गया था। कांग्रेस हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। जबकि भाजपा लोगों के साथ धोखा करने का कोई मौका नहीं गंवाती है। इस मौके पर अरुण सिंह, चन्द्रिका प्रसाद, विनोद बिहारी, दिनेश्वर तिवारी, अमरनाथ मिश्रा, हृदयानंद मिश्रा, स्वामी नाथ दुबे, दिनेश्वर दुबे, संजय उपाध्यक्ष, वेद गिरी, अमर गिरी, अमर नाथ मिश्रा, अरुण सिंह, आनंद पाठक, श्याम सुंदर चौबे, राम प्रवेश गिरी, मधुबन सिंह, अभय गिरी, राजेश गोस्वामी, दया शंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सिवानी कोर्ट में शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज देशराज चालिया ने सिवानी कोर्ट परिसर का निरीक्षण किया




**सिवानी मंडी। सोनिका सूरा**

सिवानी कोर्ट में शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज देशराज चालिया ने सिवानी कोर्ट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बार सोसिएशन से संबंधित कामों के बारे में चर्चा की ' इस दौरान फैमिली कोर्ट के जज जसबीर सिंह सिद्धु व सिवानी कोर्ट के जज मोहमंद जकारिया खान भी मौजूद रहे ' बार एसोसिएशन के प्रधान सुधीर स्योराण ने बार में आने पर स्वागत किया और सिवानी कोर्ट के लिए अपिलेट कोर्ट( एडीजे कोर्ट ) की मांग की जिस पर डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज देशराज चालिया ने इस कार्य के लिए पूरा आश्वासन दिया ' बार ने डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज को मोमेंटो देकर समानित किया ' इस मौके पर बार की कार्यकारिणी के साथ सभी बार के अधिवक्ता मौजूद रहे ' डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज से बार एसोसिएशन में पौधारोपण भी किया '

## कनीना कोर्ट में आज आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक आदलत

**कनीना सुनील दीक्षित**

पूर्व निर्धारित तिथि अनुसार आज 14 सितंबर, शनिवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। बार एसोसिएशन कनीना के अध्यक्ष सुनील यादव रामबास ने बताया कि इस लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से विभिन्न प्रकार के वादों का निपटारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में आयोजित होने वाली लोक अदालत में कोर्ट में लंबित वाद या कोई नया विवाद जो कोर्ट में नहीं पहुंचा है, उसे आपसी समझौते से आसानी से निपटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी, पेंशन,वैवाहिक पारिवारिक विवाद, मिश्रित अपराधिक वाद, भूमि अधिग्रहण मामले, उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली , टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले, इजमेंट्री का अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी मामले निपटारे के लिए रखे जाएंगे।

## बारिश होने से खरीफ फसल में बनने लगी नुकसान की संभावना

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना क्षेत्र में पिछले पखवाडेभर से लगभग प्रतिदिन हो रही बारिश से खरीफ फसल में नुकसान की संभावना बनने लगी है। ज्येष्ठ-आषाढ मास सूखा रहने के चलते क्षेत्र में दो माह बाद फसल बिजाई की गई थी जो अब पकाव की ओर है। बारिश होने से बाजरे की फसल गिरने लगी है वहीं कपास की फसल में फॉल कम व बढवार अधिक सहित सूंडी का प्रकोप होने लगा है। रामबास के किसान सत्यवीर सिंह, छितरोली के नरेंद्र सिंह, सुखबीर सिंह ने बताया कि मौसम साफ रहने पर बाजरे की बंपर पैदावार का अनुमान है। दूसरी ओर बारिश के चलते जगह-जगह पानी जमा हो रहा है। लगभग रोजाना बारिश होने से सडकों की शामत आने लगी है। बारिश के चलते रात्री के तापमान में गिरावट आने से सर्दी का एहसास होने लगा है। मक्खी-मच्छर पनपने से फीवर का प्रकोप बढने लगा है। अस्पतालों में ओपीडी की संख्या में बढौतरी हो रही है। कनीना में कछुआ गति से किए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर अव्यवस्था बनी हुई है। उसमें बारिश का पानी जमा होने से नाला अवरूध हो गया है। कनीना-अटेली मार्ग पर आरओबी का कार्य किए जाने तथा रेवाडी मोड से लेकर एसडीएम कार्यालय तक नाले का निर्माण कार्य चलने से चंहुओर यातायात की अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। आए दिन सडक जाम के हालात बन रहे हैं। टुकडों में किए जा रहे नाला निर्माणधीन में बारिश के पानी के साथ कूडा-कचरा व पोलीथीन जाने से समस्या पैदा करने लगा है।

## कनीना में अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोडकर जेवरात उडाए

**कनीना सुनील दीक्षित**

अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोडकर उसमें रखे जेवरात व कीमती सामान चोरी कर लिया। इस बारे में वार्ड 4 निवासी अश्वनी ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कनीना बस स्टैंड के नजदीक उसकी हार्डवेयर की दुकान है। बृहस्पतिवार को सांय 4 बजे जब वह अपने घर पंहुचा तो देखा कि उसके पडौसी चंद्रकांत गुप्ता के मकान का ताला टूटा हुआ है जबकि उसका पडौसी यूपी के नॉनपारा गया हुआ है। इस घटना की जानकारी उन्होंने दूरभाष पर चंद्रकांत को दी। जिस पर उन्होंने बताया कि घर पर ज्वैलरी सहित अन्य कीमती सामान रखा हुआ था। जिसकी डिटेल वापिस लौटने के बाद चंद्रकांत बताएगा। पुलिस ने अश्नी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# अटेली हलके से महिलाओं के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने के बन रहे आसार









**कनीना सुनील दीक्षित**

अटेली विधान सभा से इस बार महिलाओं में मुकाबला होने के आसार बन गए हैं। यहां पर नैशनल राजनीतिक पार्टियों भाजपा से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की पुत्री आरती राव चुनाव मैदान में है जिनकी ओर से पिछले समय हलके के विभिन्न स्थानों पर सभाएं कर आमजन की नब्ज टटोली गई थी। चुनाव घोशित होने से पूर्व उनकी ओर से कनीना सब डिवीजन के गांव रामबास में रैली का आयोजन कर शक्ति प्रदर्षन किया गया था। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी उन्हें अटेली हलके से चुनाव मैदान में उतारना चाहते थे। उनकी मजबूत पकड के चलते आरती राव की चुनावी डगर आसान मानी जा रही थी लेकिन उनके प्रतिद्वंदी के रूप में कांग्रेस पार्टी से अनिता यादव को प्रत्याशी बनाया गया है जो 2009 से 2014 तक कांग्रेस पार्टीनीत चै भूपेंद्र हुड्डा सरकार में सीपीएस रही थी। उनकी ओर से कनीना को उपमंडल का दर्जा दिलवाया गया था जिसका आज आमजन को लाभ मिल रहा है। माना जा रहा है कि अनिता यादव का वोटबैंक भी बरकरार है। ईधर 2014 से 2019 तक अटेली से विधायक एंव डिप्टी स्पीकर चुनी गई संतोष यादव ने भी अपने कार्यकाल के दौरान बहुतायत में विकास कार्य करवाए। 2019 में पार्टी की ओर से उन्हें भले ही टिकट नहीं दिया गया लेकिन प्रदेश उपाध्यक्ष का पद देकर उनके सम्मान को बनाए रखा। 2024 के चुनाव में भी उन्हें टिकट नहीं दिया गया तो कार्यकताओं से मंत्रणा के बाद उन्होंने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर आजाद उम्मीद्वार के रूप में चुनाव मैदान में कूदने का निर्णय लिया। बसपा की ओर से अतर लाल उम्मीद्वार हैं, जिनकी पुत्रवधु साधना ने आजाद उम्मीद्वार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया हुआ है। दाखिल किए गए आयुषी यादव सहारनवास जेजेपी, अभिमन्यू राव सहारनवास, ओमप्रकाश इंजीनियर सेक्टर 31 गुरूग्राम, औप्रकाश एसयूसीआई गणियार,
मनीता सिंह रामपुरा रेवाडी, हेमंत कृष्ण सीहमा, सम्राट यादव कोसली रेवाडी, सुनील राव सेक्टर 15 गुरूग्राम आम आदमी पार्टी, जोगेंद्र रामपुरा अटेली सहित कुल 16 नामांकन पत्रों में से 8-10 प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में रहने की उम्मीद है। भाजपा प्रत्याशी आरती राव, कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी अनिता यादव व आजाद उम्मीद्वार संतोष यादव सहित तीनों हैवीवेट महिला उम्मीद्वारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला रहने के आसार बन रहे हैं।

## हरियाणा के कार्यकारी सीएम सैनी का बयान: एक-दो दिन में मना लिए जाएंगे सभी रूठे

### कांग्रेस पर भी किया जमकर कटाक्ष

**रोहतक:** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव की रणनीति पर मंथन करने के लिए रोहतक स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में देर रात तक हाई लेवल की बैठक चली। जिसमें हरियाणा के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली सहित संगठन के बड़े नेताओं ने भाग लिया। बैठक में रूठों को मनाने व आगामी चुनाव रणनीति के तहत बड़े नेताओं के दौरे हरियाणा चुनाव के दौरान करवाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक खत्म होने के बाद हरियाणा के कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जहां अपनी जीत का दावा किया, वहीं कांग्रेस पार्टी पर जमकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि



राहुल गांधी दोहरे चरित्र के व्यक्ति हैं। देश में आरक्षण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं तो विदेश में जाकर आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की दस साल की सरकार ने प्रदेश में क्षेत्रवाद, परिवारवाद, भाई भतीजावाद खत्म करने का काम किया है। पहले शक्ल देखकर रेवड़ी देने का काम किया जाता था, वह खत्म करने का काम हमारी दस साल की सरकार ने किया है, जिस प्रकार से लोगों ने केंद्र में मोदी सरकार को बड़े मार्जन से बनाया था। उसी प्रकार से प्रदेश में भी बड़े मार्जन से भाजपा की सरकार बनेगी। बीजेपी में टिकटों के वितरण के बाद मची भगदड़ पर नायब सैनी बोले कि कांग्रेस में भगदड़ मची ही है। कांग्रेस में तो एक सीट पर चार-चार ने बगावत की है। बीजेपी में कुछ नाराज है, उन्हें मना लिया जाएगा। भूचाल तो कांग्रेस में आया हुआ है, कई-कई लोग बगावत में खड़े है। सैनी ने कहा कि कांग्रेस या आप भारतीय जनता पार्टी के सामने नहीं टिक पाएंगी और भाजपा के मुकाबले में कोई अन्य पार्टी सक्षम नहीं है। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

## जांच के दौरान कवरिंग कॅंडिडेट के लिए दाखिल किए गए 3 आवेदन हुए रिजेक्ट

**कनीना सुनील दीक्षित**



विधान सभा चुनाव के दरम्यान शक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। चुनावी आब्जर्वर 2012 बैच के आईएएस, आंध्रप्रदेश कैडर के अधिकारी गिरीशा पीएस की उपस्थित में रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम अमित कुमार व एआरओ तहसीलदार संजीव नागर द्वारा सभी 16 आवेदनों की जांच-पडताल की गई। जिसमें दो उम्मीद्वारों के नामाकन पत्रों के सत्यापन को लेकर ऑब्जेक्सन लगाया गया। जिस पर बार एसोसएशन के प्रधान की ओर से सही सत्यापन होने की पुष्टि की गई। जांच में सभी नामांकन सही मिले। जांच के समय आवेदनकर्ता उपस्थित रहे। रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि कवरिंग केंडीडेट अभिमन्यू राव,मनीता सिंह, सम्राट यादव के आवेदन रिजेक्ट किए गए। 13 आवेदन के मुकाबले 11 केंडीडेट के पर्चे सही पाए गए। इनमें आरती राव के दो मल्टीपल आवेदन शामिल थे जो सही पाए गए। इस मौके पर नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# हरियाणा में अपने शासन काल में कांग्रेस ने दिया क्षेत्रवाद को बढ़ावा, हुड्डा के समय बाकी इलाकों से हुआ सौतेला बर्ताव

**चंडीगढ़(एजेंसी):** कांग्रेस और भूपेंद्र हुड्डा के उस दौर को हरियाणा की जनता भुगत चुकी है, जब सरकार को राज्य के कुछ ही इलाकों से मतलब था। राज्य के बाकी हिस्सों की उसने कभी भी खास चिंता नहीं की। अधिकतर क्षेत्र और वहां की जनता को पूरी तरह से उपेक्षित छोड़ दिया गया था। पक्षपात का खुल्लम-खुल्ला खेल मुख्यमंत्री के स्तर से चलता था। जिस तरह से तब हरियाणा का एक समाज कांग्रेस शासन पर हावी था। बिल्कुल उसी तरह से सरकार के खजाने एक क्षेत्र विशेष के लिए खोल दिए गए थे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश के संसाधनों को व्यवस्थित तरीके से सिर्फ एक इलाके की ओर ही मोड़ रखा था। हरियाणा का यह वो इलाका था, जहां वे अपने राजनीतिक हित साध सकते



थे। उस समय सरकार के लिए यह बात मायने नहीं रखती थी कि प्रदेश की अधिकतर आबादी मुंह ताक रही है। उनको तो बस अपने पसंदीदा इलाके से ही मतलब था।

**राज्य सरकार जिस जनता से वसूलती थी रकम, उसके लिए खर्च नहीं कर पाती थी**

हरियाणा में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार की इस अलोकतांत्रिक और भेदभावपूर्ण हरकत का सबसे बड़ा उदाहरण गुड़गांव में एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्जेज के नाम पर वसूले गए 5,000 करोड़ रुपए में से 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का कुप्रबंधन है। हुड्डा सरकार ने यह रकम गुड़गांव के निवासियों से वसूले थे और अदालत के सामने कबूल किया था कि इतनी बड़ी रकम विकास और कल्याणकारी कार्यों पर वह नहीं खर्च कर सकी।

**रोहतक को मॉडल गांव देने में भी सबसे ज्यादा प्राथमिकता**

भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार इस कदर आंखें मूंद कर क्षेत्रवाद में लिप्त थी कि जब 65 गांवों को मॉडल गांवों के तौर पर नाम देने की बारी आई तो महेंद्रगढ़, सिरसा और पंचकूला जिलों को दरकिनार करके सबको हैरानी में डाल दिया था। उससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात ये थी कि इसमें से भी 36% मॉडल गांव मात्र दो ही जिलों से लिए गए थे। उनमें से भी हुड्डा का गृह जिला रोहतक सबसे बड़ा लाभार्थी था।

**राजनीतिक विरोधियों के इलाकों के साथ सरकार ने किया सौतेला बर्ताव**

कांग्रेस सरकार को जरा भी नहीं लगता था कि इस तरह से खुल्लम-खुल्ला सत्ता का दुरुपयोग किसी की भी आंखों को चुभ सकता है। सरकार उनकी थी और उनकी जो मर्जी में आया वही करते रहे। अब सिरसा से चौटाला परिवार का नाता जुड़ा है, इससे इस बात का संदेह और गहराता है कि पूरा फैसला राजनीति और भेदभाव से प्रभावित था। इस क्षेत्र के लोगों का विकास सरकार की थोड़ी सी भी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं था।

**हरियाणा में जनता से वसूली में चुस्त, खर्च करने में भी भेदभाव**

2004-05 से 2013-14 के बीच जो हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (ल्वळ्ळ) की ओर से संसाधन जुटाए गए थे। उनके आवंटन में भी जमकर बंदरबांट किया गया। उन जिलों को चुन-चुनकर नजरअंदाज करने की कोशिश की गई, जो कांग्रेसी इकोसिस्टम में फिट नहीं बैठ पाए थे। इसका परिणाम ये रहा कि महेंद्रगढ़, जींद, हिसार, फतेहाबाद, रेवाड़ी,चरखी, दादरी, भिवानी, कैथल, सिरसा और यमुनानगर जिलों में प्रगति के नाम पर मुश्किल से ही कभी भी कुछ नजर आया।

**अपनी ही सरकार से उम्मीद आम जनता के लिए रह गई थी बेमानी**

विकास की जितनी भी घोषणाएं कांग्रेस के दौर में हुई। उन्हें मूलरूप से एक खास क्षेत्र तक की ही सीमित रखा गया और पूरे राज्य को उनके हाल पर उपेक्षित छोड़ दिया गया था। कांग्रेस की इस प्रवृत्ति से न सिर्फ हरियाणा में एक खास समाज और क्षेत्र को ही प्राथमिकता मिलती रही, बल्कि व्यवस्थित तरीके से राज्य के अधिकतर इलाकों और ज्यादातर आबादी को मायूसी का जीवन जीने के लिए उनकी हाल पर छोड़ दिया गया था।

# विश्व ओजोन दिवस पर महिला महाविद्यालय उन्हाणी में हुआ समारोह का आयोजन

**कनीना सुनील दीक्षित**

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में शुक्रवार को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ.विक्रम यादव ने ओजोन को लेकर छात्राओं को जानकारी दी। विक्रम यादव ने बताया कि पृथ्वी की सतह से दस से चालीस किलोमीटर ऊपर समताप वायुमंडल में स्थित ओजोन परत हमें हानिकारक ह्यपराबैंगनी विकिरणह्न से बचाती है। यह परत सुरक्षा कवच का काम करती है। इस सुरक्षात्मक परत, को ह्यस्ट्रैटोस्फेरिक ओजोनह्न के रूप में भी जाना जाता है। जो कि मनुष्य को मोतिया बिंद और त्वचा कैंसर जैसे प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से बचाती है। कृषि और जलीय जीवन की रक्षा करती है। हालाँकि मानव निर्मित ओजोन क्षयकारी पदार्थों के कारण समताप मंडल में ओजोन का क्षय हुआ है। जिसके कारण 1970 से



1980 के दशक में वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन परत में एक महत्वपूर्ण छेद का खुलासा किया था। इस खोज ने मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए संभावित परिणामों के बारे में तत्काल चिंताओं को उठाया। जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1985 में वियना कन्वेंशन और उसके बाद 16 सितंबर, 1987 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल हुआ। तब से लोगों को ओजोन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षा और उन्हें ओजोन की संरक्षण के लिए कदम उठाने की प्रोत्साहित किया जाता है, उन्होंने बताया कि समय रहते ओजोन को नहीं बचाया गया तो भविष्य में पृथ्वी पर जीवन जीना मुश्किल होगा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ अंकिता यादव व डॉ.समेश चंद ने छात्राओं को बताया कि 30वां विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है जो एक विशिष्ट थीम होती है, ओजोन परत संरक्षण से संबंधित वर्तमान मुद्दों और लक्ष्यों को दशार्ती है। 2024 की थीम ह्लजीवन के लिए ओजोनह्व है, जो ओजोन परत के संरक्षण को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के सकारात्मक परिणामों पर केंद्रित है। पृथ्वी की सुरक्षा में ओजोन परत द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को भी याद दिलाता है। इस अवसर पर डॉ सुधीर कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थी।

# अडानी के बाद अब रूस ने बांग्लादेश से मांगे 63 करोड़ डॉलर

**- वर्तमान ब्याज के रूप में 630 मिलियन डॉलर का भुगतान की मांग**

**ढाका ।**

भारतीय कारोबारी समूह अडानी ग्रुप के बाद अब रूस ने भी बांग्लादेश से रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए कर्ज पर बकाया और वर्तमान ब्याज के रूप में 630 मिलियन डॉलर का भुगतान करने की मांग की है। रूसी अधिकारियों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को भेजे पत्र में कहा है कि इस राशि को 15 सितंबर से पहले चुकाया जाए। यह पत्र बांग्लादेश द्वारा जून में रूसी बैंकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण बकाया ब्याज, प्रतिबद्धता शुल्क और विलंबित जुर्माने के निपटान के लिए वैकल्पिक लेनदेन विधियों के लिए किए गए अनुरोध के बाद आया है। 12.65 बिलियन डॉलर के ऋण पर अधिकतम ब्याज दर 4 फीसदी है, जिसमें बकाया भुगतान के लिए 2.4 फीसदी की अतिरिक्त दंडात्मक ब्याज दर है। 21 अगस्त को इकॉनमिक रिलेशन डिवीजन को लिखे गए पत्र में रूसी सरकार के एक प्रमुख वित्तीय संस्थान की प्रतिनिधि एजेंसी वीईबीडॉटआरएफ ने अनुरोध किया है कि बकाया भुगतान या तो अमेरिकी डॉलर या चीनी युआन में किया जाए और बैंक ऑफ चाइना की शंघाई शाखा में जमा किया जाए। हालांकि, चूंकि 15 सितंबर की भुगतान की अंतिम तिथि रविवार को है और 16 और 17 सितंबर चीन में गैर-व्यावसायिक दिन हैं, इसलिए भुगतान की सबसे प्रारंभिक संभावित तिथि 18 सितंबर होगी।



वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि इस समय सीमा को चूकने से अतिरिक्त दंड और अन्य जटिलताएं हो सकती हैं, जिसमें कर्ज चुकाने की अवधि के दो साल के विस्तार पर बातचीत में संभावित देरी शामिल है। वर्तमान में यह अवधि इस साल दिसंबर में समाप्त होने वाली है, जिसे बांग्लादेश वर्तमान में आगे बढ़ा रहा है। इससे पहले, बांग्लादेश ने प्रस्ताव दिया था कि बकाया राशि एकत्र करने के बजाय, रूस नई परियोजनाओं, शेयर बाजार में धन का निवेश कर सकता है या बांग्लादेश से सामान खरीद सकता है। हालांकि, रूसी पत्र से संकेत मिलता है कि यह विकल्प संभव नहीं है।

# असम से बिहार तक बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

**नई दिल्ली ।**

कच्चे तेल में लगातार गिरावट के बाद अब हल्की तेजी दिखाई दे रही है। वैश्विक बाजार में क्रूड 69.34 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 72.33 डॉलर प्रति बैरल बिक रहा है। कच्चे तेल के भावों का पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर असर दिखता है। हालांकि, भारत में ईंधन की कीमतों में ज्यादा असर नहीं पड़ा है लेकिन कुछ राज्यों में कीमतों में उतार-चढ़ाव हुआ है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सुबह 6 बजे पेट्रोल-डीजल के दाम अपडेट कर दिए हैं। शुक्रवार को देश के 4 महानगरों में से सिर्फ चेन्नई में पेट्रोल और डीजल क्रमशः 0.23 और 0.22 पैसे महंगा हुआ है। वहीं राज्यों में असम, बिहार, छत्तीसगढ़ और दमन-द्वीप में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं। उधर आंध्र प्रदेश और गोवा समेत कुछ राज्यों में ईंधन की कीमतें कम हुई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल



103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.98 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 94.66 रुपये और डीजल 87.85 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

गाजियाबाद में पेट्रोल 94.53 रुपये और डीजल 87.70 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# नई ईवी योजना में घटी सब्सिडी, लेकिन फेम योजना के मुकाबले कम प्रावधान

**- सब्सिडी 85 प्रतिशत से घट कर 30 प्रतिशत हो गई**

**नई दिल्ली ।**

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पेश नई योजना में सब्सिडी कम कर दी गई है। नई पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवॉल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना से इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को राहत जरूर मिली है मगर फेम योजना के मुकाबले इसमें सब्सिडी का प्रावधान कम कर दिया गया है। विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि या सब्सिडी 85 प्रतिशत से घट कर 30 प्रतिशत रह गई है। इलेक्ट्रिक कार खंड नई योजना की जद से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। इस खंड में पहले 1.5 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाती थी। केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को दी जाने वाली सब्सिडी धीरे-धीरे कम करना चाहती है। नई पीएम ई-ड्राइव उसी नीति का हिस्सा है। सरकार का मानना है कि इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में अब पहले से अधिक गहराई आ गई है और लोगों के बीच इनका इस्तेमाल अब बढ़ रहा है। अधिकारियों ने कहा कि सब्सिडी में कमी जरूर एक बड़ा मुद्दा है मगर यह इलेक्ट्रिक वाहन प्रवर्द्धन योजना में दी जाने वाली सब्सिडी के लगभग बराबर ही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए अधिकतम सब्सिडी में लगभग 85 प्रतिशत कमी कर दी गई है। फेम-2 में 66,000 रुपये सब्सिडी मिलती थी मगर अब यह कम होकर 10,000 रुपये रह गई है। इलेक्ट्रिक तिपहिया (ई3डब्ल्यू) के लिए सब्सिडी घटाकर लगभग 55 प्रतिशत कर दी गई है। पहले इन वाहनों पर 1,11,505 रुपये सब्सिडी मिलती थी जिसे घटाकर अब 50,000 रुपये कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक बसों के मामले में भी सब्सिडी सीमा 50 लाख रुपये से घटाकर 35 लाख रुपये कर दी गई है। योजना के दूसरे वर्ष में अधिकतम प्रोत्साहन में और कमी आएगी यानी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए यह घटकर 5,000 रुपये और तिपहिया वाहनों के लिए 25,000 रुपये रह जाएगी। सब्सिडी के संबंध में इस नई घोषणा से पहले केंद्र सरकार पिछले तीन वर्षों से प्रोत्साहन में कमी करती आ रही है। पहले फेम-2 के अंतर्गत अधिकतम सब्सिडी 1 जून 2023 से 66,000 रुपये से घटाकर 22,500 रुपये कर दी गई थी। फेम-2 समाप्त होने के बाद सरकार ने ईएमपीएस की शुरुआत की जिसके तहत 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इस योजना के आने से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए सब्सिडी घटकर 10,000 रुपये और तिपहिया वाहनों के लिए 50,000 रुपये रह गई।

# ऐपल ने लांच किया आईफोन 16, चाइनीज मोबाइल से मिलेगी टक्कर

**नई दिल्ली ।**



लंबे इंतजार के बाद ऐपल ने अपने आईफोन 16 को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने अपने डेवलपर कॉन्फ्रेंस में किए वादे के मुताबिक नए आईफोन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सपोर्ट के साथ पेश किया है। कहा जा रहा है कि आईफोन जैसे प्रीमियम रेंज के फोन में भी एआई फीचर आने के बाद ये मार्केट में मौजूद कई एआई फोन को कड़ी टक्कर दे सकता है। इससे ये हिंट तो मिलता है कि हुवावे, चीन में ऐपल के खिलाफ अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है, जहां यूज़र्स एआई फीचर्स के लिए उत्सुक हैं और उनके लिए पैसे खर्च करने के लिए भी तैयार हैं। क्रिएटिव स्ट्रैटेजीज़ के सीईओ और प्रमुख विश्लेषक बेन बजारिन ने कहा, चीनी बाजार अमेरिकी बाजार के मुकाबले एआई फीचर्स के लिए ज्यादा दीवाना है। ऐपल के लिए, उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए ये भी कहा, 'इसे तुरंत चीन में लाना बहुत मुश्किल होगा, इसलिए वे हार्डवेयर की खूबियों से पीछे रह जाएंगे।' बता दें कि ऐपल के जून में हुए डेवलपर कॉन्फ्रेंस में, ऐपल ने एप्पल एआई की पेशकश की। ये जेनरेटिव एआई पर बेस्ड है जो कमांड पर टेक्स्ट, इमेज और दूसरे कंटेंट को जोड़ सकता है। ऐपल इंटेलिजेंस में कई भाषाओं का सपोर्ट मिलेगा। हालांकि शुरुआती तौर पर अमेरिकी इंग्लिश का सपोर्ट मिलेगा। ऐपल के इंटेलिजेंस फीचर्स को लेकर उम्मीद की जा रही है कि इसे अक्टूबर में आने वाले नए ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ आईफोन और आईपैड में अपडेट के जरिए दिया जाएगा। इसके अलावा रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐपल के वॉयस असिस्टेंट सिरी का फुल अपग्रेड अगले साल की शुरुआत में होने की उम्मीद है। बता दें कि पिछले हफ्ते हुवावे ने दुनिया के पहले ट्रिपल फोल्डिंग फोन एमएटीई एक्सटी की कुछ फोटो शेयर कर इसका ऐलान किया था। हैरान करने वाली बात ये है कि आईफोन 16 के लॉन्च के ठीक पहले इस स्मार्टफोन के लिए 30 लाख से ज्यादा प्री-ऑर्डर मिले हैं। ये जानकारी कंपनी के ऑफिशियल वेबसाइट पर देखी गई। इस फोन को पहली बार सेल में 20 सितंबर को उपलब्ध कराया जाएगा।

# देश की मजबूत बुनियाद बताता है आर्थिक वृद्धि परिदृश्य: शक्तिकान्त दास

**सिंगापुर ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने ब्रेटन वुड्स कमेटी सिंगापुर द्वारा आयोजित फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 में शुक्रवार को कहा कि भारत का वृद्धि परिदृश्य देश के वृहद आर्थिक बुनियाद की मजबूती को बताता है। उन्होंने कहा कि इसमें निजी उपभोग और निवेश जैसे घरेलू तत्व प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। देश की आर्थिक वृद्धि को वृहत आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के माहौल का समर्थन है। भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के कारण आए गंभीर संकट से उबर गई और इसकी 2021-24 के दौरान औसत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक रही। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वास्तविक जीडीपी यानी आधार मूल्य पर वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दृष्टिकोण भारत के वृहद आर्थिक बुनियाद की ताकत को दिखाता है। इसमें घरेलू तत्व निजी खपत और निवेश प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। दास ने मुद्रास्फीति के बारे में कहा कि यह अप्रैल, 2022 के 7.8 प्रतिशत के उच्च स्तर से घटकर दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में आ गई है, लेकिन हमें अभी भी एक दूरी तय करनी है और हम दूसरी तरफ देखने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। रिजर्व बैंक के अनुमानों से संकेत मिलता है कि मुद्रास्फीति घटकर 2024-25 में 4.5 प्रतिशत और 2025-26 में 4.1 प्रतिशत हो सकती है। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने अगस्त में रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे 3.65 प्रतिशत पर रही। जुलाई में यह पांच साल के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर थी। राजकोषीय मजबूती जारी है और मध्यम अवधि में सार्वजनिक ऋण का स्तर घट रहा है।

## 315 वर्क एवेन्यू ने पुणे में 56,000 वर्गफुट कार्यालय स्थल पट्टे पर लिया

**नई दिल्ली ।** बढ़ती मांग को लेकर सह-कार्य स्थल प्रदाता कंपनी 315वर्क एवेन्यू ने अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए पुणे में 56,000 वर्ग फुट कार्यालय स्थान पट्टे पर लिया है। बेंगलुरु स्थित 315वर्क एवेन्यू के पास वर्तमान में बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई और पुणे में कई प्रमुख स्थानों पर लगभग 25 लाख वर्गफुट जगह है, जिसमें लगभग 50,000 सीटें हैं। कंपनी दिल्ली-एनसीआर और हैदराबाद में भी अपना विस्तार करने और मौजूदा बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की योजना बना रही है। पुणे में 315वर्क एवेन्यू के छह केंद्र हैं जो लगभग छह लाख वर्ग फीट में फैले हैं। इसमें एसेन्डास, पंचशील और रहेजा जैसे प्रमुख डेवलपर्स हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 12,000 सीट है। 315वर्क एवेन्यू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पुणे के सह-कार्यस्थल बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसका कारण बढ़ती युवा आबादी, बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों की उपस्थिति और कई स्टार्टअप का प्रसार है।

## बोइंग के कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने के पक्ष में किया मतदान

**सिएटल ।** एयरलाइन बोइंग के कर्मचारियों (मशीनिस्ट) ने हड़ताल पर जाने के पक्ष में मतदान किया। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स ने कहा कि उसके सदस्यों ने एक अनुबंध को अस्वीकार कर दिया, जिसके तहत चार वर्षों में वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जानी थी। अनुबंध को अस्वीकार करने के पक्ष में 94.6 प्रतिशत वोट पड़े और हड़ताल करने के पक्ष में 96 प्रतिशत वोट पड़े। हड़ताल करने के लिए 33,000 कर्मचारियों में से दो-तिहाई वोट की आवश्यकता थी। जब तक हड़ताल जारी रहेगी, तब तक बोइंग को इस समय उसके लिए बहुत जरूरी नकदी नहीं मिल पाएगी, जो उसे एयरलाइनों को नए विमान देने से मिलती है। यह नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केली ऑर्टबर्ग के लिए एक और चुनौती होगी, जिन्हें छह सप्ताह पहले एक ऐसी कंपनी को फिर से खड़ा करने का काम दिया गया था, जिसने पिछले छह सालों में 25 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान उठाया है और यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एयरबस से पीछे रह गई है।ऑर्टबर्ग ने मशीनिस्टों को चेतावनी दी कि हड़ताल के कारण बोइंग का सुधार खतरे में पड़ जाएगी और एयरलाइन ग्राहकों की नज़र में कंपनी के बारे में और संदेह पैदा होगा। कर्मचारी सुनने के पक्ष में नहीं हैं।

## सीबीआईसी ने बेंगलुरु के सीजीएसटी अधिकारियों को किया निलंबित

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बेंगलुरु में कुछ सीजीएसटी अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जिन्हें पुलिस ने जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया था। सीबीआईसी ने शुक्रवार को बताया कि बेंगलुरु ईस्ट क्षेत्र के बयप्पनहल्ली पुलिस थाने में एक व्यापारी द्वारा दर्ज अपहरण और जबरन वसूली की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु नगर अपराध शाखा ने 11 सितंबर को केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में जीएसटी के निरीक्षक और वरिष्ठ खुफिया अधिकारी रैंक के कर्मचारियों के अलावा एक अधीक्षक रैंक का अधिकारी भी शामिल है। सीबीआईसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बताया गया है कि बेंगलुरु में कुछ सीजीएसटी अधिकारियों ने कथित जबरन वसूली का सहारा लिया है। इसमें शामिल अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर दिया गया है। सीबीआईसी ने कहा कि वह उन पुलिस अधिकारियों के संपर्क में है, जिन्होंने इन गिरफ्तार अधिकारियों को रिमांड पर लिया था। उसने कहा कि मामले में जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूपीआई लाइट जल्द शुरू करेगा टॉप-अप की सेवा



**नई दिल्ली ।** यूपीआई लाइट जल्द ही ऑटो टॉप-अप की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इससे यूजर्स को बार-बार अपने अकाउंट में बैलेंस ऐड करने के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के एक सर्कुलर के मुताबिक 31 अक्टूबर से यूजर्स अपने यूपीआई लाइट अकाउंट में अपनी पसंद की राशि फिर से जमा करने के लिए ऑटो टॉप-अप ऑप्शन का उपयोग कर सकेंगे। एनपीसीआई के सर्कुलर के मुताबिक यूजर्स द्वारा चुनी गई राशि से यूपीआई लाइट बैलेंस स्वचालित रूप से पुनः लोड हो जाएगा। इसका उद्देश्य किसी भी समय यूजर्स को अपने यूपीआई लाइट वॉलेट में 2000 रुपये तक लोड करने और यूपीआई पिन के उपयोग के बिना वॉलेट से 500 रुपये तक का भुगतान करने की सुविधा प्रदान करना है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि रीलोडिंग से यूपीआई लाइट बैलेंस की सीमा जो 2,000 रुपये है, कभी भी पार नहीं होगी। इसके अतिरिक्त यूजर्स किसी भी समय ऑटो टॉप-अप ऑप्शन को बंद करने में भी सक्षम होंगे। एनपीसीआई ने निर्देश दिया है कि जारीकर्ता बैंक यूपीआई लाइट पर ऑटो टॉप-अप की सुविधा का समर्थन करेंगे, जिसमें बैंक यूपीआई लाइट जनादेश बनाने और अनुरोध आने पर डेबिट की अनुमति देंगे। एनपीसीआई ने यह भी निर्देश दिया है कि यूजर्स को यूपीआई लाइट पर ऑटो टॉप-अप का उपयोग करने के लिए यूपीआई ऐप अपने प्लेटफार्म पर आवश्यक कार्यक्षमता और इंटरफ़ेस का समर्थन करेंगे।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 71.77 अंक करीब 0.09 फीसदी की गिरावट के साथ ही 82,890.94 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.40 अंक तकरीबन 0,13 फीसदी नीचे आकर 25,356.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। बजाज फाइनैंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एसबीआई, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया और टीसीएस के शेयर भी उछले। वहीं सेंसेक्स के 19 शेयर लाल गिरावट पर बंद हुए। अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, एनटीपसी और मारुति सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, रिलायंस, एचयूए, कोटक बैंक, इंफोसिस, एलएंडटी, पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक,



आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर नीचे आये।

एशियाई बाजारों में आज टोक्यो और शंघाई के बाजार में गिरावट रही जबकि सियोल और हांगकांग के बाजार उछले। यूरोपीय बाजारों की बात करें तो इसमें बढ़त रही। वहीं गत दिवस अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक स्थिर रहा, जबकि स्मॉल कैप कोसडैक मामूली रूप से नीचे रहा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.43 फीसदी गिरा, जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में भी 0.58 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 सूचकांक सबसे अलग रहा और इसमें 0.75 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जिससे यह अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 8,148.7 के करीब पहुंच गया। हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स 17,294 पर थे, जो एचएसआई के अंतिम बंद स्तर 17,240 से अधिक थे। वहीं गत सत्र में बाजार रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी ने अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर के पास से गिरावट के साथ बाजार की शुरुआत की। यह गिरावट थोड़ी ज्यादा महंगाई दर और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन इंडेक्स के उच्च आंकड़े की वजह से हुई। बीएसई सेंसेक्स 79.61 अंक की गिरावट के साथ 82,883.10 पर कारोबार कर रहा है, जबकि निफ्टी 31.55 अंक की गिरावट के साथ 25,357.35 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग और उसके अ धिका रियों के बैंक खाते होंगे कुर्क

**- 25 करोड़ बकाया नहीं चुकाया, सेबी ने की कार्रवाई**

**नई दिल्ली ।** शेयर बाजार नियामक सेबी ने एक स्टॉक ब्रोकिंग फर्म के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। सेबी ने करीब 25 करोड़ रुपये की बकाया वसूली के लिए कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग और उसके चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर सी पार्थसारथी के बैंक खातों के साथ शेयरों एवं म्यूचुअल फंड संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया है। इंडियन सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने सात अगस्त को कार्वी और पार्थसारथी को एक नोटिस भेजकर उन्हें पावर ऑफ अटॉर्नी (पीओए) का दुरुपयोग कर ग्राहकों के फंड के दुरुपयोग करने से संबंधित मामले में 15 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था। सेबी की तरफ से लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में नाकाम रहने पर बाजार नियामक ने कुर्की का नोटिस भेजा है। सेबी ने अप्रैल, 2023 में कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग और पार्थसारथी को प्रतिभूति बाजार से सात साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। इसके अलावा पावर ऑफ अटॉर्नी का दुरुपयोग कर ग्राहकों के धन की हेराफेरी करने के लिए उन पर 21 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। नियामक ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड (केएसबीएल) पर 13 करोड़ रुपये और प्रवर्तक चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पार्थसारथी पर आठ करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। सेबी ने चार अलग-अलग कुर्की नोटिस में लंबित बकाया राशि की वसूली के लिए दोनों इकाइयों के बैंक खाते, डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया है। नोटिस के अनुसार, केएसबीएल और पार्थसारथी पर क्रमशः 15.34 करोड़ रुपये और 9.44 करोड़ रुपये का बकाया था, जिसमें ब्याज और वसूली लागत शामिल है।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोटक लाइफ ने जीवन बीमा और वित्तीय सुरक्षा के उपायों तक पहुंच बढ़ाने के लिए की साझेदारी -

**मुंबई/इन्दौर ।**

भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) और भारत के अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में एक, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।

यह साझेदारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को जीवन बीमा और वित्तीय सुरक्षा के समाधानों तक पहुंच बढ़ाने के लिए की गई है। यह सहयोग एक संशोधित व्यावसायिक प्रस्ताव पर आधारित है, जो पूर्व में फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (अब एयू एसएफबी के साथ विलय) के साथ कोटक लाइफ के संबंधों को जारी रखता है।

साझेदारी के बाद तत्काल प्रभाव से, एयू एसएफबी के नए और मौजूदा ग्राहक, जिनमें पहले के फिनकेयर एसएफबी ब्रांच के ग्राहक भी शामिल हैं, अब टर्म, रिटायरमेंट, सेविंग्स और चुनिंदा निवेश योजनाओं सहित कोटक लाइफ के लाइफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट (जीवन बीमा उत्पाद) की व्यापक रेंज का लाभ उठा सकते हैं। इस साझेदारी से कोटक लाइफ के डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो का लाभ उठाकर दक्षिण भारत में एयू एसएफबी की पेशकश (ऑफरिंग) में बड़ी ग्रोथ होने की उम्मीद है। इसके अलावा, एयू एसएफबी के साथ मिलकरकोटक लाइफ बिना रुकावट सेवा के विकल्प सुनिश्चित करने, सुचारू रूप से ट्रांजिशन (परिवर्तन) की सुविधा प्रदान करने और ग्राहकों के लिए बिजनेस की निरंतरता बनाए रखने के लिए सहयोग करेगा। जैसा कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ अपने यूनिवर्सल बैंकिंग लाइसेंस का प्रयास कर रहा है, अब यह अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों के उत्पादों की डाइवर्सिफाइड रेंज के साथ एक करोड़ से अधिक के अपने बड़े कस्टमर बेस को सेवा देने के लिए प्रयासरत है। यह रणनीतिक साझेदारी एयू एसएफबी को हर ग्राहक की खास जरूरतों और वित्तीय आवश्यकताओं का आंकलन करने और उसका समाधान करने में सक्षम बनाती है। साथ ही यह हर ग्राहक की व्यक्तिगत परिस्थितियों के अनुरूप व्यक्तिगत समाधान प्रदान करने में भी सक्षम है।

इस साझेदारी पर, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल ने कहा, -एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में, हमारे हर काम के केंद्र में हमारे ग्राहकहैं, और हम उन्हें एक बड़ी रेंज की पेशकश करने और पर्सनलाइज़ेड सोलुशन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नजारा मूनशाइन टेक्नोलॉजी में करेगी 982 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली ।** ईस्पोर्ट्स कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज रियल मनी गेमिंग मंच पोकरबाजी की मूल कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 982 करोड़ रुपये का निवेश करने पर विचार कर रही है। नजारा ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वह सौदे के तहत मूनशाइन में 831.51 करोड़ रुपये में 47.7 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। इसमें 592.26 करोड़ रुपये का नकद लेनदेन और 239.25 करोड़ रुपये कीमत के शेयर अदला-बदली व्यवस्था शामिल है। इस व्यवस्था के साथ, बाजी गेम्स सहित चुनिंदा निवेशकों और प्रबंधन कर्मियों को नजारा टेक्नोलॉजीज में 3.17 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। इसके अलावा नाजारा 100 प्रतिशत अनिवार्य परिवर्तनीय की सदस्यता के लिए 150 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिसे समझौते के तहत भविष्य में इक्विटी में बदला जा सकता है।नजारा ने एक बयान में कहा कि वह मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 982 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जो भारत के अग्रणी ऑनलाइन पोकर गेमिंग मंच पोकरबाजी की मालिक है। मूनशाइन के पास फैंटेसी गेमिंग मंच स्पोर्ट्सबाजी का भी स्वामित्व है, जो कंपनी की आय में लगभग 12 प्रतिशत का योगदान देता है, जबकि 85 प्रतिशत से अधिक पोकरबाजी से आता है।



# गे की भूमिका में शाहरुख को पहचानना मुश्किल

आपको जानकर हैरानी होगी कि बालीवुड एक्टर शाहरुख खान ने असल में हिंदी से नहीं, बल्कि अंग्रेजी भाषा में बनी एक फिल्म से अपने सिनेमा की दुनिया में कदम रखा था। सोशल मीडिया पर शाहरुख खान का एक पुराना वीडियो इन दिनों इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें किंग खान एक समलैंगिक किरदार में नजर आ रहे हैं। ये फिल्म एक आदर्शवादी छात्र आनंद ग्रोवर/एनी की कहानी है, जो पढ़ाई करने के बजाय भारत की समस्याओं के लिए काल्पनिक समाधान के बारे में सोचना पसंद करता है। यहां तक कि अरुंधति को भी आनंद की प्रेमिका बोहेमियन राधा की भूमिका में दिखाया गया है। इसमें रोशन सेठ, ऋतुराज सिंह और चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मनोज बाजपेयी भी नजर आए थे। अरुंधति के एक्स हसबैंड प्रदीप किशन द्वारा निर्देशित इन विच ऐनी गिव्स इट टू दोज वन्स को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। एक इसकी स्क्रीन प्ले के लिए जो रॉय को मिला और दूसरा सर्वश्रेष्ठ इंग्लिश फीचर फिल्म के लिए जो प्रदीप को मिला। यह फिल्म 1989 में रिलीज हुई थी। इसमें दिल्ली में 1970 के दशक के अंत में छात्र जीवन की झलक मिलती है। वैसे शाहरुख ने मनोरंजन की दुनिया में इससे एक साल पहले ही कदम रख दिया था। फेमस टीवी सीरियल फौजी से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वे कई अन्य टीवी सीरियल में दिखें जिसमें उम्मीद और वागले की दुनिया और अजीज मिर्जा की सर्कस शामिल है। आज, शाहरुख खान दुनिया के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं और सबसे अमीर भी। एक्टिंग से अलग उनके प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और उनकी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जैसे कई व्यवसायों से उनकी कमाई और बढ़ जाती है। शाहरुख खान जल्द किंग में दिखाई देंगे, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी होंगी। बता दें कि बॉलीवुड के मशहूर एक्टर शाहरुख खान ने हिंदी सिनेमा में बहुत ही साधारण तरीके से शुरुआत की थी। लेकिन छोटी-मोटी भूमिकाओं से आगाज करने वाला ये एक्टर आज बॉलीवुड का बादशाह है। मौजूदा दौर में जिस एक्टर के सितारे चमक रहें है उसके जीवन में एक समय ऐसा था, जब किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करने में उसने गुरेज नहीं किया।



# विक्रांत मैसी ने सेक्टर 36 में लिया बिल्कुल अलग चैलेंज

फिल्म 12वीं फेल में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले बालीवुड एक्टर विक्रांत मैसी ने सेक्टर 36 के साथ एक बिल्कुल अलग चैलेंज लिया है, जो एक सच्ची कहानी से इंस्पायर एक काल्पनिक क्राइम थ्रिलर है। मैडॉक फिल्म्स के द्वार प्रोड्यूस और आदित्य निंबालकर के द्वार डायरेक्ट किया गया, सेक्टर 36 एक स्लम में, सेक्टर 36 से, कई बच्चों के गायब होने की रहस्यमयी कहानी है। एक इंस्पायरिंग बायोग्राफी से एक टेंस्ड और सस्पेंस से भरे थ्रिलर में उनका बदलाव विक्रांत की वर्सेटलिटी और अलग-अलग रोल को अपनाने की उनके डेडीकेशन को दिखाता है, जो उनकी पहले से ही शानदार करियर में एक बोल्ड और नए डायरेक्शन की निशानी है। सेक्टर 36 का ट्रेलर विक्रांत के किरदार की एक झलक दिखाता है, जो फैंस को उत्साहित करता है। फिल्म में विक्रांत एक सीरियल किलर का रोल निभाने वाले हैं, जिसमें हमने विक्रांत को पहले कभी नहीं देखा है। जैसे-जैसे उत्साह बढ़ता जा रहा है, फैंस यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि विक्रांत अपने करियर के इस नए चैप्टर को कैसे संभालेंगे। अपने टेलेंट और वर्सेटलिटी के साथ, वे इस इंटेंस क्राइम थ्रिलर में अपने अनोखे स्टाइल को जोड़ने और अपनी उपलब्धियों की जबरदस्त लिस्ट में एक और शानदार परफॉर्मेंस जोड़ने जा रहे हैं। सेक्टर 36 का पहला गाना डमरू कल रिलीज़ किया गया है। इसमें फ़िल्म के कुछ सीन्स और क्लिप शामिल हैं। विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल स्टारर यह फ़िल्म 13 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल होगी। मालूम हो कि 12वीं फेल में विक्रांत ने मनोज कुमार शर्मा के रोल में अपनी छाप छोड़ी, जो एक प्रेरणादायक कहानी थी और इस तरह से इसने दर्शकों के साथ गहरा कनेक्शन बनाया। फिल्म में एक ऐसे इंसान के संघर्ष और सफलता को दिखाया गया है, जो अपने सपनों को हासिल करने के लिए चुनौतियों का सामना करता है। विक्रांत के डिटेल्ड परफॉर्मेंस ने किरदार में इमोशनल गहराई जोड़ दी है, जिसने उन्हें इंडस्ट्री के सबसे टैलेंटेड एक्टर्स में से एक के रूप में स्थापित किया है। इस साल के शुरू में, एक्टर ने फिर आई हसीं दिलरुबा में रिशु का रोल अदा किया है। इस रोल में, वो एक ऐसा पति के किरदार में हैं, जो अपनी पत्नी से बेहद प्यार करता है और उसके लिए कुछ भी कर सकता है। ये किरदार दिखाता है कि विक्रांत कैसे अलग-अलग और डाइवर्स किरदारों को चुनते हैं और हमेशा अपनी भूमिकाओं को गहरा और कई लेयर के साथ उन्हे निभाया करते हैं।

# इंडस्ट्री में डर और निराशा का सामना किया दीया मिर्जा ने



अपने हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने बताया कि कैसे उन्होंने इंडस्ट्री में अपने पहले दिनों में डर और निराशा का सामना किया। दीया मिर्जा ने आईसी 814- द कंधार हाईजैक में अपनी हालिया भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की है, लेकिन उनके करियर की शुरुआत आसान नहीं थी।

दीया ने उन दिनों की यादें साझा की जब उनकी कुछ फिल्में सफल नहीं हुई और वह बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। दीया ने खुलासा किया, मैं दुखी थी और डर से भरी हुई थी। मीडिया और इंडस्ट्री ने हमारे दिमाग में यह बैठा दिया था कि औरतों की शेल्फ लाइफ होती है। अगर आप 20 साल की हैं, तो आपको किसी बड़े स्टार के साथ कास्ट नहीं किया जाएगा। मेल सुपरस्टार्स को आपकी एक निश्चित उम्र चाहिए और एक निश्चित लुक में होना चाहिए। दीया ने बताया कि अब स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब लोगों को यह समझ आ गया है कि यह एक नौकरी है, आपकी पूरी पहचान नहीं है। यह एक हिस्सा है, लेकिन यह सबकुछ नहीं है। अब यह समझा जाने लगा है कि यह जुनून है, लेकिन हमारे अस्तित्व को नियंत्रित नहीं कर सकता। दीया ने यह भी कहा कि कैसे कार्यस्थल पर महिलाएं अभी भी संघर्ष कर रही हैं।

मुझे पता है कि महिलाओं को कैसे शादी करने वाली महिलाओं को काम पर नहीं रखा जाता है। यह वास्तविकता है कि एक नौकरी आपके सभी निर्णयों को प्रभावित कर सकती है, लेकिन हमें इसे लेकर जागरूक रहना होगा।

दीया मिर्जा के अनुसार, बॉलीवुड में अब एक बदलाव आ रहा है जहां महिलाओं की स्थिति और भी बेहतर हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में महिला एक्ट्रेस को अधिक सम्मान और अवसर मिलेंगे।

# 57 साल के हो गए अक्षय कुमार, शेयर की 'भूत बंगला' की झलक

बालीवुड के खतरों के खिलाडी यानि कि एक्टर अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी मूवी 'भूत बंगला' की पहली झलक शेयर की। हिंदी सिनेमा में स्मार्ट और हैंडसम लुक्स से अभिनेत्रियों के दिलों पर राज करने वाले अक्षय ने एक्स पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया। तस्वीर में अक्षय एक कटोरी में दूध पीते हुए नजर आ रहे हैं और उनके कंधे पर एक काली बिल्ली खड़ी है। अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, साल दर साल मेरे जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद! इस साल का जश्न भूत बंगला के फर्स्ट लुक के साथ! मैं 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ फिर से जुड़ने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस ड्रीम कोलैबोरेशन को काफी समय हो गया है। इस जर्नी को आप सभी के साथ शेयर करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मैजिक के लिए बने रहें !फ्र फिल्म की ज्यादा डिटेल शेयर नहीं की गई और यह 2025 में रिलीज होगी। अक्षय और प्रियदर्शन ने साथ में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। जिनमें हेरा फेरी, दे दना दन, भूल भुलैया, गरम मसाला और खट्टा मीठा जैसी फिल्में शामिल हैं। इससे पहले, बॉलीवुड के एक्शन हीरो और सुपरस्टार अक्षय कुमार ने गणेश चतुर्थी के शुभ मौके पर अपने नए प्रोजेक्ट का संकेत दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी अपकमिंग फिल्म की पहली झलक भी दिखाई, जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया था। एक्टर ने सोशल मीडिया पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, गणपति बप्पा मोरया, आज के दिन से बेहतर दिन और क्या हो सकता है, जब आप कुछ खास होने का संकेत दें। मेरे जन्मदिन पर इसका खुलासा होगा। इंतजार करिए।



# धनिया का किरदार निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण: स्मिता साबल

छोटे परदे की अभिनेत्री स्मिता साबले ने कहा कि उन्होंने शुरुआत में शो में एक नकारात्मक किरदार के लिए ऑडिशन दिया था। टेलीविजन शो भीमा में धनिया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री ने जिस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था वह वर्तमान में निभाए जा रहे उनके किरदार से बिल्कुल अलग थी। स्मिता ने कहा, यह काफी दिलचस्प कहानी है। मैंने शो भीमा के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन वह धनिया की भूमिका के लिए नहीं था। मैंने एक नकारात्मक भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन मुझे धनिया की भूमिका के लिए चुना गया। यह पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला था। मैं बहुत रोमांचित थी। धनिया का किरदार निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं अपने करियर में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर खुश हूं। अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में कहा कि सामाजिक चुनौतियों के बावजूद अपनी बेटी भीमा की पढ़ाई के लिए धनिया की तरफदारी करना उसकी परवरिश की भावना का प्रमाण है। कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद धनिया का हिम्मत और दृढ़ संकल्प कभी कम नहीं हुआ। अभिनय जगत में आने से पहले अभिनेत्री ने 2019 तक कॉर्पोरेट क्षेत्र में काम किया। हालांकि वह शुरू से ही एक्टिंग करना चाहती थीं।



उन्होंने आगे बताया, 'अपने खाली समय में मैं वीडियो बनाती थी और सोशल मीडिया पर मोनोलॉग करती थी। मुझे मॉडलिंग में भी दिलचस्पी थी और मैं उस रास्ते से इंडस्ट्री में प्रवेश करना चाहती थी। हालांकि, 2020 में महामारी ने मेरे करियर को अभिनय की ओर मोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'उन्होंने मुझे भावनाओं को व्यक्त करने के लिए सही भावों का उपयोग करने में मार्गदर्शन किया, इस प्रकार धनिया के मेरे चित्रण को और अधिक वास्तविक बना दिया' शो के लिए अपनी तैयारी के बारे में उन्होंने कहा, महाराष्ट्रीयन होने के नाते उत्तर प्रदेश में सेट किए गए शो पर काम करने के लिए मुझे स्थानीय बोली और लहजे में महारत हासिल करने की जरूरत थी ताकि मैं अपने किरदार के प्रति प्रामाणिक और सच्ची बन सकूं। मेरे पिछले अनुभव से मुझे काफी मदद मिली। मेरी टीम और सह-कलाकारों के समर्थन ने वास्तव में इसमें मेरी काफी मदद की।

# अंकिता और विक्की जैन की जोडी पर खूब प्यार लुटा रहे प्रशंसक

बालीवुड अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने सोशल मीडिया पर पति विक्की जैन के साथ एक तस्वीर शेयर की, जिसपर उनके प्रशंसक जमकर प्यार लुटा रहे हैं। इस फोटोशूट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है और उनके प्रशंसक उनकी जोड़ी को बहुत पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की। जोड़ी दमदार लग रही है। ब्लैक कलर की ड्रेस पहन रखी है। नेचुरल मेकअप लुक चुना है। बालों का पोनीटेल बनाया है और स्टड इयररिंग्स और ब्लैक हील्स के साथ लुक को पूरा किया है। उनके पति विक्की जैन सफेद टी-शर्ट, मैचिंग ब्लेजर और ट्राउजर में शानदार दिख रहे थे। वीडियो में दोनों एक दूसरे को गले लगाते और कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। क्लिप में आगे अंकिता को बाथटब में पोज देते हुए दिखाया गया है। अंकिता लोखंडे ने कैप्शन में लिखा, हमने अपना मिडिल नाम हॉट एंड सैसी रखा है। उनके एक प्रशंसक ने अभिनेत्री की पोस्ट पर टिप्पणी की, यह सबसे हॉट जोड़ी है। एक अन्य यूजर्स ने कहा, यह हॉट है। बता दें कि अभिनेत्री अंकिता लोखंडे 14 दिसंबर 2021 को मुंबई में एक पारंपरिक समारोह में बिजनेसमैन विक्की जैन के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। अंकिता लोखंडे ने साल 2009 में पवित्र रिश्ता में अर्चना की भूमिका निभाई थी। उनके एक्टिंग करियर को इस शो ने ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस शो में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मानव की भूमिका निभाई थी। अंकिता लोखंडे (39) को आखिरी बार विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में देखा गया था।



# 15 साल से ऊपर के हर शख्स को दें सीपीआर की ट्रेनिंग : काजोल



हाल ही में फेमस एक्ट्रेस काजोल ने हार्ट अटैक से मरने वालों की बढ़ती संख्या पर अपनी चिंता जाहिर की है और लोगों का खास सलाह दी है। एक्ट्रेस काजोल ने लोगों से अपील की कि 15 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को सीपीआर देना सीखना चाहिए।

सीपीआर देकर कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित व्यक्ति को बचाया जा सकता है। उन्होंने वीडियो शेयर कर लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग लेने के लिए जागरुक किया और कहा- नमस्ते, कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अगर कार्डियक अरेस्ट के पीड़ितों को सीपीआर नहीं दिया गया तो उसका बचना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, रिवाइव हार्ट फाउंडेशन के साथ जुड़कर 2024 में चलिए एक कोशिश करें। 15 साल से ऊपर के हर शख्स को सीपीआर की ट्रेनिंग दें। आप अपनी जान पहचान के कार्डियोलॉजिस्ट से भी सीपीआर देना सीख सकते हैं। ये मुश्किल नहीं है, लेकिन किसी के मुश्किल वक्त में काम जरूर आ सकता है। वहीं इस वीडियो को शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा, मैं कार्डियक अरेस्ट अवेयरनेस वीक के कैंपेन एम्बेसडर के रूप में रिवाइव हार्ट फाउंडेशन के अविश्वसनीय काम का सपोर्ट करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस वर्ष, यह कार्डियक अरेस्ट के बारे में जागरूकता पैदा करने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि ज्यादा से ज्यादा लोग सीपीआर सीखें। हमारा उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को ट्रेनिंग देना और उन्हें भविष्य में किसी की जान बचाने में मदद करने के लिए सशक्त बनाना है।

बता दें, हाल ही में टीवी एक्टर विकास सेठी का निधन भी हार्ट अटैक से हुआ है। एक्टर को नींद में सोते वक्त दिल का दौरा पड़ा और 48 की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गए। देश दुनिया में कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। बहुत कम उम्र में ही लोग हार्ट अटैक की वजह से अपनी जान गंवा रहे हैं। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री से भी अब तक कई सेलेब्स दिल का दौरा पड़ने से अपनी जान गंवा चुके हैं।